# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

• नई दिल्ली। सोमवार 06 अक्टूबर-2025 • वर्ष : 10 अंक : 287 पेज-08 • RNI NO. DELHI/2015/65364 • मूल्य : ₹3








# संभल की मस्जिद पर बुलडोजर एक्शन

## मुस्लिम समुदाय और कमेटी ने खुद बुलडोजर मंगवाकर तुड़वाया

संभल। संभल में तालाब पर बनी अवैध मस्जिद को मुस्लिम समुदाय और कमेटी ने खुद बुलडोजर मंगवाकर तुड़वाया। इससे पहले छेनी और हथौड़ी से मस्जिद के ऊपरी हिस्से को तोड़ने का काम चल रहा था। नीचे का हिस्सा मजबूत होने के कारण बुलडोजर मंगवाया गया। यह कार्रवाई तीन दिनों से चल रही है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद रविवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कार्रवाई की। मामला मुख्यालय से 30 किमी दूर राया बुजुर्ग गांव का है। यहां गड्ढे की 510 वर्गमीटर भूमि पर बनी मस्जिद को अवैध निर्माण मानते हुए तहसीलदार न्यायालय ने इसे हटाने का आदेश दिया था।

गुरुवार को मैरिज हॉल पर 4 घंटे तक 4 बुलडोजर चला था और अवैध रूप से बने मैरिज हॉल को गिरा दिया गया था। वहीं, स्थानीय लोगों ने डीएम राजेंद्र पेंसिया से मस्जिद तोड़ने के लिए 4 दिन की मोहलत मांगी थी। डीएम की



परमिशन मिलते ही हॉल के बगल में बनी मस्जिद को लोगों ने खुद तोड़ना शुरू कर दिया।

प्रशासन का दावा है, मस्जिद और मैरिज हॉल तालाब की जमीन पर बने हैं। मस्जिद 550 वर्गफीट और मैरिज हॉल 30 हजार वर्गफीट में बना है।

**हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मांगी थी राहत :** गांव के निवासी और मस्जिद के मुतवल्ली मिंजार हुसैन ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की अर्जेंट बेंच में याचिका दाखिल की थी। इसकी सुनवाई 3 और 4 अक्टूबर को हुई। राज्य अधिवक्ता ने अदालत में तहसीलदार न्यायालय का आदेश पेश किया, जिसके बाद याचिकाकर्ता ने खुद ही याचिका वापस लेने की बात कही। जिसके बाद ग्रामीणों ने स्वयं मस्जिद तोड़ने की पहल की। 2 अक्टूबर को डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे थे। उस समय कमेटी ने तोड़फोड़ के लिए चार दिन का समय मांगा था।हाईकोर्ट में मामला पहुंचने से कार्रवाई रोक दी गई थी, लेकिन याचिका खारिज होने के बाद कमेटी ने खुद ही तोड़फोड़ शुरू की।

मुतवल्ली मिंजार हुसैन ने बताया कि हाईकोर्ट में याचिका डाली थी वह खारिज हो गई। उन्होंने कहा की निचली अदालत में जाओ, हम निचली अदालत में नहीं जाएंगे, हम तो तोड़ रहे हैं। आज हमने बुलडोजर को तुड़वाने के लिए बुलाया है। छेनी हथौड़ी से टूट नहीं रही थी। बहुत मजबूत है। 10 से 15 लेबर लगे हैं। ऊपर का सारा हिस्सा हमने तोड़ दिया, अब बुलडोजर भी खराब हो गया है। आगे जितना हिस्सा बचा उसे तोड़ेंगे।

कहीं जमीन लेकर लीगल तरीके से मस्जिद बनाएंगे, नक्शा पास कराएंगे। सरकार इजाजत देगी तो बनाएंगे, सरकार से तो यही मांग करते हैं कि हम जमीन ले लेंगे, नक्शा पास कर दें, हमें इजाजत दे दें, मैरिज हॉल तो सभी के लिए था, कोई भी आकर शादी कर ले, अब करेंगे जैसे भी होगा।

# 'अविभाजित भारत है घर, एक कमरा किसी ने हथिया लिया' : मोहन भागवत, संघ प्रमुख

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि बंटवारे के बाद सिंधी भाई पाकिस्तान में नहीं रुके, बल्कि भारत आ गए, यह गर्व की बात है। परिस्थिति ने हमें उस घर (सिंध, पाकिस्तान) से यहां भेजा, लेकिन वह घर और यह घर अलग नहीं है। कहा कि अविभाजित भारत वर्ष एक घर है। मेरे घर का एक कमरा किसी ने हथिया लिया है। कल उसे वापस लेकर फिर अपना डेरा वहां डालना है। भागवत ने



रविवार को मध्य प्रदेश में सतना के सिंधी कैंप स्थित बाबा मेहर शाह दरबार के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया।

**'अंग्रेजों ने हमें अलग-अलग किया' :** इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सब एक हैं। सभी सनातनी और हिंदू हैं। अंग्रेजों ने हमें टूटा दर्पण दिखाकर अलग-अलग कर दिया था। आज हमें स्वयं को अच्छे दर्पण में देखकर एक होने की आवश्यकता है। जब हम आध्यात्मिक परंपरा वाला दर्पण देखेंगे तो एक दिखेंगे। ये दर्पण दिखाने वाले हमारे गुरु हैं। हमें अपना अहंकार छोड़कर स्वयं को देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को तीन भाषाओं राष्ट्रभाषा, क्षेत्रीय भाषा और व्यावहारिक भाषा का ज्ञान होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि सतना का बाबा मेहर शाह दरबार एक तरह की दरगाह है, जिसका इतिहास बहुत पुराना है। इसके प्रति सभी धर्मों के लोगों की आस्था है। यह दरबार आध्यात्मिक शांति और सद्भाव का केंद्र माना जाता है।

# बीजेपी ने चुनावी घोषणा पत्र के लिए सुझाव रथ रवाना किया

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले भारतीय जनता पार्टी ने जनता से सीधे संवाद स्थापित करने और उनके विचारों को चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में रविवार को भाजपा ने राज्यभर में सुझाव पेटी रथों को रवाना किया और



साथ ही ह्यविकसित बिहारह्व नामक वेबसाइट का भी शुभारंभ किया। इन दोनों माध्यमों से पार्टी जनता से सुझाव एकत्र करेगी और घोषणा पत्र को जनभावनाओं के अनुरूप तैयार करेगी।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ। दिलीप जायसवाल ने बताया कि ये विशेष रथ बिहार के सभी विधानसभा क्षेत्रों में घूमेंगे और लोगों से लिखित रूप में सुझाव लेंगे। हर गांव, कस्बे और चौराहे पर यह रथ पहुंचेगा ताकि आम आदमी भी आसानी से अपनी राय दर्ज करा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी का मकसद जनता को सीधे मैनिफेस्टो निर्माण प्रक्रिया से जोड़ना है।

# एयरफोर्स-डे पर आठ को रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन, भारी वाहनों की एंट्री पर लगी रोक

## फुल ड्रेस रिहर्सल को लेकर भी तैनात रहेगी पुलिस




**गाजियाबाद, (करंट क्राइम)।** एयरफोर्स डे के अवसर पर 8 अक्टूबर को गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में भारतीय सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी, विशिष्ट अतिथि और गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। कार्यक्रम के सुचारु संचालन और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए गाजियाबाद यातायात पुलिस ने शहर के कई प्रमुख मार्गों पर भारी एवं व्यावसायिक वाहनों के आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। यह प्रतिबंध सुबह छह बजे से लेकर कार्यक्रम समाप्ति तक प्रभावी रहेगा।

### इन मार्गों पर भारी वाहनों का आवागमन रहेगा प्रतिबंधित




- एएलटी चौराहा से रोटरी गोलचक्कर तक
- हिंडन मेट्रो स्टेशन से रोटरी गोलचक्कर तक
- रोटरी गोलचक्कर से नागद्वार की ओर
- करहैड़ा कट जीटी रोड से हिंडन एयरफोर्स गोलचक्कर तक
- मोहननगर से हिंडन एयरफोर्स गोलचक्कर तक
- करन गेट गोलचक्कर से हिंडन एयरफोर्स गोलचक्कर तक

### आज और आठ को संभलकर निकलें

करंट क्राइम : पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात डायवर्जन प्लान का पालन करें और अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें, ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो। वहीं पुलिस उपायुक्त यातायात पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन कर शहर के यातायात को सुचारु बनाए की बात की है।

# वैश्य समाज है देश की आर्थिक रीढ़: कपिल देव अग्रवाल

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** अन्तरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, गाज़ियाबाद द्वारा शनिवार को महाराजा अग्रसेन वंशज सम्मान समारोह एवं करवाचौथ उत्सव का भव्य आयोजन अग्रसेन भवन, लोहिया नगर में किया गया।

> **अशोक अग्रवाल और अनिल सांवरिया के नेतृत्व में वैश्य महासम्मेलन का भव्य आयोजन**

कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल और गाज़ियाबाद की मेयर सुनीता दयाल ने महाराजा अग्रसेन जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता अशोक अग्रवाल (अध्यक्ष, पश्चिम उत्तर प्रदेश) ने की, जबकि पूरे आयोजन का संयोजन अनिल अग्रवाल सांवरिया के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि वैश्य समाज देश की आर्थिक रीढ़ है। पूरे देश में वैश्य समाज का कोई व्यक्ति चोरी करते या भीख माँगते नहीं देखा गया, यह हमारे श्रम और संस्कारों का प्रमाण

शेष, पृष्ठ 8

# पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने महिलाओं संग वॉक में लिया भाग, दिया मिशन शक्ति का संदेश

## वॉक फॉर एम्पावरमेंट में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए पुलिस ने दिखाई प्रतिबद्धता



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम :** महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ट्रांस हिंडन जोन में वॉक फॉर एम्पावरमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन के अंतर्गत बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया, तो वहीं मिशन शक्ति को सफल बनाने का संदेश भी दिया है।

इस वॉक फॉर एम्पावरमेंट में बड़ी



संख्या में पुलिस अधिकारी, स्वयंसेवक और आम नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह छह बजे थाना इंदिरापुरम से किया गया। इस मौके पर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, एडिशनल सीपी केशव चौधरी, डीसीपी निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव प्रमुख रूप से मौजूद रहे। यह यात्रा अटल चौक प्रहलादगढ़ी होते हुए बुद्ध चौक से वापस थाना इंदिरापुरम पर संपन्न हुआ। इस वॉक का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति समाज को जागरूक करना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाना रहा।

### महिलाओं की सुरक्षा पुलिस का मुख्य कार्य : सीपी

करंट क्राइम : कार्यक्रम के समापन पर पुलिस आयुक्त ने संबोधित करते हुए कहा है कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। गाज़ियाबाद पुलिस सदैव महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। इस वॉक ने न केवल समाज में जागरूकता का संदेश दिया, बल्कि यह भी दशार्या कि पुलिस और जनता मिलकर ही एक सुरक्षित और सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं।

### सरकारी नंबरों की दी गई वॉक में जानकारी

करंट क्राइम : वॉक के दौरान प्रतिभागियों ने महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ी हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी साझा की, जिनमें शामिल हैं। 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वीमेन पावरलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री महिला हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 101 (दमकल सेवा) और 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन) दिखाए गए।




# किस तरह से लगेगी कांग्रेस की 2017 में चुनावी नैया पार

## संगठन का है वही तरीका और नहीं दिख रहे चेहरे भी चुनाव के लिये तैयार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनावी ईयर अब अपना गियर डालने को तैयार है। अक्टूबर का महीना बीत रहा है और सियासी खिलाड़ी ये जानते हैं कि अगला साल चुनावी साल के रूप में आएगा। चुनाव लड़ने के लिये जमीन तैयार करनी पड़ती है और उसके लिये एक साल पहले से जुटना होगा। अगला साल चुनावी तैयारियों के लिये होगा। चुनावी लिहाज से गाजियाबाद की बात करें तो यहां मुख्य रूप से पांच विधानसभा सीटें हैं और इन सीटों पर अलग-अलग रुझान रहता है। बड़ी बात ये है कि यहां लोकसभा का रुझान अलग है, विधानसभा के नतीजें अलग हैं और निगम के चुनाव में मोहल्लों का समीकरण अलग हो जाता है।



फिलहाल बात चुनावी रण 2027 की हो रही है। कहने वाले अब ये भी कहते हैं कि गाजियाबाद को भगवा किला बनाने में विपक्ष के नेताओं का भी बड़ा योगदान है। उनका कहना है कि ऐसा नहीं है कि यहां से भाजपा को हराया नहीं जा सकता, लेकिन सवाल ये है कि चुनावी रण के लिये विपक्षी दलों की सामरिक रणनीति क्या है। उनके पास चुनाव लड़ने के लिये कौन से चेहरे हैं और इन चेहरों का सियासी वजूद क्या है। बात कांग्रेस की हो रही है और यहां पर अगर कांग्रेस के संगठन पर दृष्टि डालें तो वहां वही पुराना हाल है। जिलाध्यक्ष अता-पता-लापता वाले सीन में है तो महानगर अध्यक्ष भी चुनावी हलचल में नजर नहीं आते।

हाल ही में हाईकमान से ये फरमान आया कि दफ्तरों के बाहर पोस्ट लगने हैं, महिलाओं को प्रदर्शन करना है। बाजारों में तो क्या पोस्टर लगते कांग्रेस अपने दफ्तर के बाहर पोस्टर नहीं लगवा सकी। बाजारों में वो पर्चे नहीं बांट सकी और भाजपाई बाजारों में भी गए और सम्मेलन भी कर लिये। चुनावी चेहरों की बात करें तो यहां भाजपा विधानसभा चुनावों में पिछली बार बुरी तरह से पिछड़ गई थी और अभी तक उसके चुनावी चेहरे नजर नहीं आ रहे हैं।

साहिबाबाद सीट पर कांग्रेस की जमानत जब्त हुई थी और सबसे बड़ी बात ये थी कि चुनाव हारने के बाद जहां कांग्रेस की उम्मीदवार ने खुद को सियासी गतिविधियों से ही समेट लिया तो यहां फिलहाल कोई दूसरा ऐसा चेहरा भी कांग्रेस तैयार नहीं कर पाई है जिसे वो चुनावी फेस बना सके। विधानसभा की बात करें तो होर्डिंग से लेकर सियासी गतिविधियों तक यहां कांग्रेस के पास ऐसा चेहरा नहीं है जिसे चुनावी चेहरा कहा जा सके।

मुरादनगर सीट की बात करें तो यहां बिजेंद्र यादव चुनाव लड़े थे और इस पुराने कांग्रेसी की भी जमानत जब्त हो गई, लेकिन उसके बाद कांग्रेस यहां भी अपने मजबूत चेहरे को तैयार नहीं कर पाई है। यहां अगर सियासी रूप से एक्टिव चेहरे की बात करें तो डॉ. संजीव शर्मा जरूर एक्टिव रहते हैं, कार्यक्रम भी करते हैं और सामाजिक रूप से भी नजर आते हैं, लेकिन इस चेहरे के अलावा यहां दूसरा चेहरा फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा। कांग्रेस की सियासत के कई चेहरे हो सकते हैं, लेकिन जिस चेहरे को चुनावी रेस में उतारना है, वो फेस फिलहाल तो नजर नहीं आ रहा।

शहर सीट की बात करें तो यहां से दिवंगत पूर्व सांसद सुरेंद्र प्रकाश गोयल के सुपुत्र सुशांत गोयल चुनाव लड़े थे, वो रेस में पिछड़ गए थे और उसके बाद से वो कांग्रेस के कार्यक्रमों में बहुत कम दिखाई दिये हैं। हालांकि अब वो सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में नजर आने लगे हैं। शहर के पुराने मोहल्लों में वो एक टीम जरूर जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, मगर सितम ये है कि टीम के सारे चेहरे भाजपाई हैं कोई पर्दे के आगे भाजपाई, कोई पर्दे के पीछे भाजपाई है। यहां अन्य चेहरे हैं मगर, चुनावी रण के हिसाब से अभी उन्हें मेहनत करनी है। लोनी सीट पर फिलहाल रेस वाला फेस नहीं है और ऐसे में कांग्रेस किस तरह से चुनावी रण लड़ेगी ये अभी से आसार नजर आ रहे हैं।

### अभेद नहीं है यहां भाजपा का दुर्ग

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। यहां पर अक्सर अब ये बात कही जाती है कि यह तो भगवा गढ़ है। यहां तो भाजपा लोकसभा चुनाव रिकॉर्ड वोटों से जीतती है, यहां तो मेयर सीट पर भाजपा का कब्जा रहता है। साहिबाबाद विधानसभा पर सबसे बड़ी जीत भाजपा को मिली है, लेकिन अगर गाजियाबाद के सियासी चार्ट पर नजर डालें तो पता चलता है कि ये भाजपा का अभेद दुर्ग नहीं है। इसे कांग्रेस के सुरेंद्र गोयल ने ध्वस्त किया था। उन्होंने चार बार के सांसद रमेशचंद तोमर को हराया था। सुरेंद्र गोयल ने भी यहां भाजपा के बालेश्वर त्यागी को हराया था। देश की सबसे बड़ी विधानसभा सीट की बात करें तो यहां पर सबसे पहली जीत ही बसपा के अमरपाल शर्मा ने हासिल की थी। मुरादनगर की बात करें तो यहां भाजपा तीसरे नंबर पर आई थी। पहले नंबर पर बसपा के वहाब चौधरी थे, दूसरे नंबर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी थे और तीसरे नंबर पर भाजपा के बृजपाल तेवतिया आए थे। शहर सीट की बात करें तो यहां अतुल गर्ग पहला चुनाव बसपा के सुरेश बंसल से हार गए थे। मेयर चुनाव में भी कड़ी टक्कर के बाद यहां भाजपा तब चुनाव जीती थी जब तेलूराम कांबोज मेयर थे। ऐसे में ये नहीं कहा जा सकता कि यहां भाजपा को हराया नहीं जा सकता। यहां केवल सधी हुई रणनीति के साथ अगर विपक्ष मैदान में आ जाएं तो नतीजे कुछ और भी सकते हैं।

### समाजवादी पार्टी की सपोर्ट और उसका वोट

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कांग्रेस की तैयारियों की बात करें तो यहां उसके नेताओं के साथ एक सबसे बड़ी दिक्कत ये है कि उन्हें अभी तक ये नहीं पता कि उन्हें चुनाव लड़वाना है या लड़ना है। उन्हें कांग्रेस के लिये वोट मांगने हैं या समाजवादियों के साथ चलना है। गठबंधन पर भी निगाहें रहेंगी। सपा और कांग्रेस अगर विधानसभा चुनाव में साथ मिलकर आए तो फिर यहां सीटों के बंटवारे पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। यहां पर एक चौंकाने वाली बात ये है कि सपा के पास तो चुनावी चेहरे हैं और वो चेहरे एक्टिव भी हो रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के पास चेहरों का भी अभाव है और जो चेहरे हैं वो एक्टिव भी नहीं हो पा रहे हैं।

# बिहार मतदान की होगी वेब कास्टिंग

## चुनाव आयोग ने कहा, उम्मीदवार की कलर फोटो लगेगी

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव की दहलीज पर खड़ा है। इसको लेकर चुनाव आयोग ने कागजी तैयारियां पूरी कर लीं हैं। मैदानी तैयारी के लिए चुनाव आयोग की टीम ने दो दिनों का बिहार दौरा भी किया। दौरे के दौरान आयोग ने सभी जिलों के डीएम, एसएसपी, कमिश्नर समेत हर विभागों के मुखिया के साथ तैयारियों का जायजा लिया।

आयोग ने रविवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान बताया कि बिहार चुनाव में इस बार कई पहल शुरू की जाएंगी। इसमें तकनीक का सहारा लिया जाएगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि इस बार 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग की जाएगी। एक मतदान केंद्र पर 1200 से ज्यादा मतदाता नहीं रहेंगे। यह बिहार से शुरू होकर पूरे देश में लागू की जाएगी।





मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि अभी तक ईवीएम की प्रत्याशी की फोटो ब्लैक एंड व्हाइट होती है। इससे चेहरा साफ नहीं होता और वोटरों को पहचानने में समस्या होती है। हालांकि चुनाव निशान साफ होता है। बावजूद इसके प्रत्याशियों को साफ दिखाने के लिए रंगीन फोटो दिखाई जाएगी। इसके अलावा मशीन में सीरियल नंबर बड़ा किया जाएगा।

अभी तक मतदान केंद्र परिसर के आसपास भी मोबाइल लेकर नहीं जा सकते थे। लेकिन अब आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि परिसर में मोबाइल ले जा सकेंगे। हालांकि मतदान कक्ष में जाने से पहले बाहर अधिकारी के पास जमा करना होगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि अब उम्मीदवार अपना बूध मतदान केंद्र के पास ही लगा सकेंगे। बताया कि 100 मीटर दूर ही बूथ लगाया जा सकेगा। पहले उम्मीदवार को वोटिंग केंद्र से काफी दूर बूथ बनाना पड़ता था।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में ज्ञानेश कुमार ने बताया गया कि ईवीएम और वीवीपैट के वोटों में अंतर मिलता है तो वीवीपैट की के वोटों की गिनती दोबारा की जाएगी। इसके अलावा ईवीएम के आखिरी दो राउंड से पहले पोस्टल वोटों की गिनती की जाएगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि हमेशा बीएलओ की ट्रेनिंग जिले या राज्य में ही होती थी। पहली बार ऐसा मौका है कि बिहार के सभी बीएलओ की ट्रेनिंग दिल्ली में कराई गई है। कहा कि अब बिहार के अलावा सभी राज्यों के बीएलओ की ट्रेनिंग दिल्ली में कराई जाएगी।

### संक्षेप में समझिए बदलाव बिंदू

1. पोलिंग स्टेशन पर अब वोटर अपना मोबाइल जमा कर सकता है। मोबाइल जमा करने के लिए व्यवस्था की गई है।
2. एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 वोटर ही रहेंगे।
3. उम्मीदवार अब पोलिंग स्टेशन से 100 मीटर दूर अपनी टेबल लगा सकते हैं।
4. ईवीएम में प्रत्याशी की फोटो अब कलर्ड रखी जाएगी. इसके साथ ही प्रत्याशी और उसके दल का नाम बड़े अक्षरों में लिखा जाएगा. ताकि लोगों को पढ़ने में आसानी हो. अब तक फोटो को ब्लैक एंड व्हाइट रखा जाता था.
5. मतदाता सूचना पर्ची (शक्र) का डिजाइन बदल दिया है। मतदाता संख्या और भाग संख्या को प्रमुखता से दिखाया गया है।
6. आयोग ने पिछले 6 महीनों के भीतर 4 राज्यों में वोटर लिस्ट को अपडेट किया है।
7. बीएलओ के लिए पहचान पत्र जारी किया होगा। उसकी फोटो के साथ नाम और अन्य जानकारी होगी।

# कोसी बैराज के 56 गेट खुले, मोतिहारी डूबा... माता वैष्णो देवी की यात्रा स्थगित





**नई दिल्ली।** बिहार, हिमाचल समेत देश के अलग-अलग राज्यों में हो रही लगातार बारिश ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। शहर से लेकर गांव तक चारों तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। बारिश के कारण पैदा हुई इस स्थिति से रोजमर्रा की जिंदगी थम-सी गई है। साथ ही कोसी बैराज के सभी 56 गेट खोल दिए गए हैं, जिससे बिहार के इलाकों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। इसके साथ ही कोसी बैराज पर वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है।

नेपाल से कोसी नदी में भारत तरफ लगातार पानी छोड़ा जा रहा है, जिसके कारण जलस्तर एक्सट्रीम डेंजर लेवल पर पहुंच गया है। कोसी बैराज के सभी 56 गेट खोल दिए गए हैं। इस वक्त 4 लाख 31 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। कोसी बैराज को हाई एक्सट्रीम डेंजर लेवल घोषित किया गया है और वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है।

कोसी बैराज से लगातार छोड़े जा रहे पानी को ध्यान में रखते हुए बिहार के सुपौल में प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने माइक के जरिए लोगों को अलर्ट करना शुरू कर दिया है। प्रशासन ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है।

सुपौल के अलावा मोतिहारी में कल रात से हो रही भारी बारिश के कारण बाढ़ का खतरा बढ गया है। खेत-खलिहानों से लेकर गांव, शहर से कस्बों तक सड़कों से नदियों-नालों तक हर जगह पानी भर गया है। मुख्य सड़कों पर 3 से 4 फीट पानी बह रहा है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। उधर, कोसी बैराज में लगातार बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने बैराज में गाड़ियों की आवाजाही पर रोक लगा दी है।

मौसम विभाग ने 6 अक्टूबर तक बिहार के कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, लेकिन एक दिन की बारिश से ही शहर पानी से लबालब भर गया है। अगर दो दिन और लगातार बारिश हुई तो शहर पूरी तरह डूब सकता है। वहीं, नेपाल के दोलखा जिले में रहे कंकाई नदी में बाढ़ आई है। रविवार को बारिश रुकने के बाद अचानक उफान पर आ गई। देश के अन्य हिस्सों में भी विपरीत मौसम का असर दिख रहा है। जम्मू-कश्मीर के कटरा में श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने आईएमडी की खराब मौसम की चेतावनी के मद्देनजर 5 से 7 अक्टूबर तक यात्रा निलंबित कर दी है जो 8 अक्टूबर को फिर शुरू होगी।

# बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले होगा पटना मेट्रो का आज उद्घाटन

पटना। राजधानी पटना में मेट्रो रेल परियोजना अपने पहले चरण के उद्घाटन के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 6 अक्टूबर को पटना मेट्रो के प्राथमिकता कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे।

इसी दिन वे बेली रोड पर मेट्रो के भूमिगत कार्य का शिलान्यास भी करेंगे। इस ऐतिहासिक अवसर पर पटना मेट्रो के पहले खंड का परिचालन शुरू होने की उम्मीद है, जो शहरवासियों के लिए एक आधुनिक और सुविधाजनक परिवहन व्यवस्था का तोहफा होगा।

मेट्रो रेल सेफ्टी कमिश्नर (सीएमआरएस) ने पटना मेट्रो के प्राथमिकता कॉरिडोर के लिए सुरक्षा प्रमाण पत्र जारी कर दिया है। इस प्रमाण पत्र के बाद ही मेट्रो के उद्घाटन की तारीख तय की गई।

सीएमआरएस ने सिग्नलिंग सिस्टम, पटरियों की मजबूती, ट्रेन की गति, ब्रेकिंग सिस्टम और अन्य तकनीकी पहलुओं की गहन जांच की थी। सभी मानकों पर खरा उतरने के बाद मेट्रो को परिचालन के लिए मंजूरी दी गई।

बता दें कि मेट्रो का ट्रायल रन भी सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है, जिसके दौरान सभी तकनीकी और सुरक्षा पहलुओं का परीक्षण किया गया।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार के दिन बेली रोड पर मेट्रो के भूमिगत खंड के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। यह भूमिगत खंड मेट्रो परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो शहर के व्यस्त इलाकों में मेट्रो के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करेगा। इस खंड के निर्माण से पटना के मध्य क्षेत्रों में यातायात जाम की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है।

पटना मेट्रो आधुनिक तकनीक से लैस होगी। इसमें स्वचालित सिग्नलिंग सिस्टम, ऊर्जा-कुशल ट्रेनें, और यात्री सुविधाओं के लिए आधुनिक स्टेशन शामिल हैं।

मेट्रो स्टेशनों पर स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन, एलिवेटर, एस्केलेटर और दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा, मेट्रो की डिजाइन पर्यावरण के अनुकूल है, जो कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद करेगी।

पहले चरण में न्यू आइएसबीटी मेट्रो स्टेशन से भूतनाथ रोड तक मेट्रो चलेगी। इसका संचालन सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक होगा। हर 20 मिनट के अंतराल पर प्रत्येक स्टेशन पर मेट्रो उपलब्ध होगी। प्रतिदिन मेट्रो 40 से 42 फेरे लगाएगी।

न्यू आईएसबीटी से जीरो माइल तक का किराया 15 रुपये और भूतनाथ रोड तक 30 रुपये होगा। तीन बोगियों वाली पटना मेट्रो की पहली ट्रेन में 147 यात्री बैठकर और 945 यात्री खड़े होकर यात्रा कर सकेंगे।

महिलाओं और दिव्यांगों के लिए प्रत्येक ट्रेन में 12-12 सीटें आरक्षित होंगी। मेट्रो कोच में मोबाइल और लैपटाप चार्जिंग की सुविधा होगी। प्रत्येक कोच में सभी दरवाजों के पास एक लाल रंग का पैनिक बटन होगा।

यदि कोई यात्री इस बटन को दबाता है, तो कोच में लगे सीसीटीवी कैमरे का फोकस उस यात्री पर जाएगा। ड्राइविंग सीट के पास डिस्प्ले बोर्ड पर पूरा दृश्य दिखेगा।

वहां मौजूद कर्मचारी तुरंत प्रतिक्रिया देंगे और बटन दबाने का कारण पूछेंगे, ताकि यात्री की समस्या का तुरंत समाधान किया जा सके। पटना मेट्रो पूरी तरह वातानुकूलित होगी। सभी दरवाजे स्वचालित होंगे।

कोच के अंदर डिस्प्ले बोर्ड पर अगले स्टेशन की जानकारी और घोषणाएं चलती रहेंगी।

# जहरीला कफ सिरप लिखने वाले डॉक्टर पर एक्शन

## 11 बच्चों की मौत के बाद पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भोपाल।** कोल्ड्रिफ कफ सिरप से देश भर में कई बच्चों की मौत हो गई है। अकेले मध्य प्रदेश में सिरप पीने से 11 बच्चों की जान चली गई। इस घटना के बाद राज्य सरकार के भी कान खड़े हो गए। सरकार ने कोल्ड्रिफ कफ सिरप समेत कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स के सभी प्रोडक्ट्स पर बैन लगा दिया है। वहीं, कफ सिरप लिखने वाले डॉक्टर प्रवीण सोनी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मध्य प्रदेश पुलिस ने डॉक्टर प्रवीण सोनी को छिंदवाड़ा के परासिया से गिरफ्तार किया है। डॉक्टर सोनी परासिया के जाने-माने बाल रोग विशेषज्ञ हैं। वैसे तो वो सरकारी डॉक्टर हैं, लेकिन उनका अपना प्राइवेट क्लीनिक भी है। क्लीनिक पर आने वाले बच्चों की दवाईयों में ही उन्होंने कोल्ड्रिफ कफ सिरप पिलाने का सुझाव दिया था।

**सिरप में डायएथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा अधिक :** मध्य प्रदेश सरकार ने श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। सरकार ने इससे पहले पूरे राज्य में कोल्ड्रिफ कफ सिरप बेचने पर पाबंदी लगा दी थी। बता दें कि इस सिरप में 48.6 प्रतिशत डायएथिलीन ग्लाइकॉल पाया गया है, जो वास्तव में महज 0.1 प्रतिशत होना चाहिए।





पीड़ित परिवारों के अनुसार, बच्चों को सर्दी, जुकाम और बुखार हो रहा था। वो बच्चों को डॉक्टर के पास ले गए, जहां डॉक्टर ने दवाई के साथ कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने का सुझाव दिया था। इसके कुछ दिन बाद ही बच्चों की तबीयत और भी ज्यादा खराब होने लगी। उनकी टॉयलेट में बीमारी के लक्षण दिखने लगे। बच्चे किडनी इंफेक्शन का शिकार हो गए और आखिरकार उनकी मौत हो गई।

**एमपी सीएम ने दिए आदेश :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस घटना को भयावह बताते हुए कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन जताया है। कफ सिरप बनाने वाली कंपनी तमिलनाडु के कांचीपुरम में स्थित है, जिसकी जांच की जा रही है। कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने से एक के बाद एक लगातार कई बच्चों की मौत से हड़कंप मच गया। मध्य प्रदेश सरकार ने कफ सिरप को जांच के लिए चेन्नई स्थित ड्रग टेस्टिंग लैबोरेट्री में भेजा दया था, जहां इसे मानक गुणवत्ता के विपरीत पाया गया। कोल्ड्रिफ कफ सिरप को मध्य प्रदेश के अलावा दिल्ली, केरल, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में भी बैन कर दिया गया है। कोल्ड्रिफ सिरप पीने से मध्य प्रदेश में 11 बच्चों की मौत हो गई है। वहीं, नागपुर में कई बच्चे वेंटिलेटर पर हैं। छिंदवाड़ा एसपी अजय पांडेय ने बताया कि परासिया बीएमओ डॉक्टर अंकित सहलाम की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) की एडल्ट्रेशन ऑफ ड्रग (दवाओं में मिलावट) और हत्या की कोटि में आने वाले अपराधिक मानव वध जैसी गंभीर धाराएँ लगाई गई हैं। इसके अलावा ड्रग्स एवं कॉस्मेटिक एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जा रही है।

# सोनम वांगचुक की याचिका पर आज एससी में सुनवाई

## पत्नी गीतांजलि ने मांगी रिहाई



**लद्दाख :** प्रसिद्ध जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को लेकर उनकी पत्नी गीतांजलि आंगमों ने सुप्रीम कोर्ट में 2 अक्टूबर को एक याचिका दायर की थी। इस याचिका में उन्होंने सोनम वांगचुक की एनएसए के तहत गिरफ्तारी को चुनौती दी है और उनकी रिहाई की भी मांग की है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई के लिए 6 अक्टूबर की तारीख तय की है। इस मामले की सुनवाई जस्टिस अरविंद कुमार और एनवी अंजनिया की पीठ करेगी।

दरअसल, लद्दाख में हुए हिंसक प्रदर्शन को लेकर सरकार ने सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया था। २४ सितंबर को लेह हिंसा के बाद वांगचुक को गिरफ्तार कर लिया गया था। वह अभी राजस्थान के जोधपुर की जेल में बंद है। वांगचुक की रिहाई की मांग को लेकर गीतांजलि ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

सोनम वांगचुक के बारे में टिप्पणी की जा रही थी कि उनका संबंध पाकिस्तान से है। इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए गीतांजलि ने कहा कि सोनम ने पाकिस्तान के एक सम्मेलन में भाग लिया था। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र और डॉन मीडिया ने मिलकर एक सम्मेलन आयोजित किया था, जो पर्यावरण से संबंधित था, उसी सम्मेलन में हिस्सा लेने वांगचुक पाकिस्तान गए थे। इसमें गलत क्या है एसा सवाल भी गीतांजलि ने पूछा है।

### देशद्रोही होने का लगा आरोप

एनएसए के तहत सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को लेकर पत्नी गीतांजलि ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि वांगचुक को देशद्रोही जैसा पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वांगचुक को इसलिए बदनाम किया जा रहा है ताकि राज्य के छठी अनुसूची के आंदोलन को कमजोर किया जा सके। गीतांजलि ने कहा कि इतना ही नहीं, हमारे खिलाफ एक तरह की जासूसी चल रही है।

# महाराष्ट्र के बुलढाणा में मूर्ति विसर्जन के दौरान पथराव

**महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के बावनबीर गांव में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान पथराव की घटना हुई जिसमें पांच लोग घायल हो गए. जय मल्हार मंडल के गानों को लेकर विवाद शुरू हुआ और एक विशिष्ट समुदाय की ओर से पत्थरबाजी की गई. पुलिस ने 12 लोगों को हिरासत में लिया है।**

## पुलिस ने 12 लोगों को हिरासत में लिया



**मुंबई।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में शनिवार रात दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान पथराव की घटना सामने आई। यह घटना संग्रामपुर तहसील के बावनबीर गांव में हुई, जहां विसर्जन जुलूस पूरे जोश और उल्लास के साथ निकाला जा रहा था।

**गानों को लेकर शुरू हुआ विवाद :** जानकारी के अनुसार, बावनबीर गांव के ताज नगर क्षेत्र, जिसे पानी की टाकी के नाम से भी जाना जाता है, से पांच दुर्गा मंडलों को गुजरना था। इनमें से चार मंडल बिना किसी रुकावट के निकल गए, लेकिन जब जय मल्हार मंडल वहां से गुजर रहा था, तभी अचानक पत्थरबाजी शुरू हो गई।

सोनाला पुलिस स्टेशन के थानेदार चंद्रकांत पाटिल ने बताया कि जय मल्हार मंडल की ओर से कुछ गाने बजाए जा रहे थे, इसी दौरान एक विशिष्ट समुदाय की ओर से पथराव शुरू हुआ। इस घटना में पांच लोग घायल हुए हैं।

### पुलिस ने 12 लोगों को हिरासत में लिया

थानेदार पाटिल ने बताया कि मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए सोनाला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई और रात में ही 12 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया और अब गांव में शांति बनी हुई है।


पुलिस के अनुसार, फिलहाल इलाके में एहतियात के तौर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मामले की जांच जारी है और आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

# एअर इंडिया विमान की बर्मिंघम में इमरजेंसी लैंडिंग, 4 अक्टूबर को अमृतसर से भरी थी उड़ान

**अमृतसर।** एअर इंडिया फ्लाइट की बर्मिंघम में इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। यह फ्लाइट अमृतसर से बर्मिंघम के लिए रवाना हुई थी। बताया जा रहा है कि एअर इंडिया का एआई117 बोइंग 787 ड्रीमलाइन विमान है। विमान के सभी इलेक्ट्रिकल और हाइड्रोलिक सिस्टम सामान्य रूप से काम कर रहे थे।

यह उड़ान 4 अक्टूबर को अमृतसर से रवाना हुई थी। एअर इंडिया के प्रवक्ता के अनुसार फ्लाइट की सुरक्षित लैंडिंग की गई है और समस्त यात्री एवं क्रू सदस्य सुरखित हैं।

फ्लाइट को जांच के लिए भेजा गया है। इस फ्लाइट के रैम एअर टर्बाइन एक्टिव हुए थे। यह टर्बाइन पंखा होता है। इसका प्रयोग इमरजेंसी स्थिति में बिजली और हाइड्रोलिक पावर देने में किया जाता है। यह हवा की मदद से घूमता है। इससे उत्पन्न होने वाली विद्युत से विमान के रेडियो, फ्लाइट कंट्रोल्स और हाइड्रॉलिक पावर चलते रहते हैं।




प्राप्त जानकारी के अनुसार विमान के दोनों इंजन फेल होने की स्थिति में टर्बाइन अपने आप एक्टिव हो जाता है और आपातकालीन स्थिति में पावर सप्लाई देते रहता है। तब तक पायलट विमान की लैंडिंग करवा लेता है।

# दार्जिलिंग के मिरीक इलाके में लोहे का पुल गिरने से 6 लोगों की मौत

**दार्जिलिंग:** पश्चिम बंगाल में बारिश का कहर देखने को मिला है। भारी बारिश के चलते कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ है। वहीं दार्जिलिंग जिले में भारी बारिश के चलते एक लोहे का पुल टूट गया। इन घटनाओं में 6 लोगों की मौत हो गई। भारी बारिश के बाद कई सड़कों का संपर्क टूट गया है। राहत और बचाव टीमें मौके पर पहुंचकर मलबा हटाने और रास्ते बहाल करने में जुटी हैं। दार्जिलिंग जिला पुलिस प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे बचाव कार्यों का नेतृत्व कर रही है, जहां खराब मौसम और दुर्गम भूभाग से जूझना पड़ रहा है।



कालिम्पोंग जिले में स्थिति गंभीर बनी हुई है, जहां लगातार बारिश से व्यापक क्षति हुई है और भूस्खलन का खतरा और बढ़ गया है। कई सड़कें कट गई हैं और संचार लाइनें बाधित हैं। सिलीगुड़ी और सिक्किम को जोड़ने वाले वैकल्पिक मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग 717ई पर भूस्खलन के कारण यातायात ठप हो गया है। यह भूस्खलन पेडोंग और ऋषिखोला के बीच हुआ, जिससे रेनॉक से होकर जाने वाला महत्वपूर्ण मार्ग अवरुद्ध हो गया।

रात भर हुई भारी बारिश के चलतेण दुधिया में बालासन नदी पर बना लोहे का पुल ढह गया, जो सिलीगुड़ी और मिरिक को जोड़ता था। इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गई है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## पानी को लेकर हुई लड़ाई और पिट गए पार्षद पति भाजपाई

### एफआईआर दर्ज कराई और पार्षद वैलफेयर एसोसिएशन समर्थन में आगे आई

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गली-मोहल्लों में अब पार्षदों का आक्रोश भी सामने आता है तो पार्षदों को लेकर भी अब गुटबाजी के रिजल्ट आने लगे हैं। मामला एक ऐसे वार्ड का है जहां एक महिला ने निर्दलीय चुनाव जीता और चुनाव जीतने के बाद महिला पार्षद और उसके पति भाजपाई हो गए। अब उनका आरोप है कि उनकी मोहल्ले लोगों ने पिटाई की है। मामला पुलिस तक पहुंचा और पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



किस्सा वार्ड-7 सर्वोदय कॉलोनी का है। यहां से मुन्नी देवी पार्षद का चुनाव जीती थीं। एफआईआर में दर्ज कराया गया है कि थान सिंह कश्यप पार्षद पति वार्ड-7 सर्वोदय कॉलोनी में एक अक्टूबर को रात्रि दस बजे एक पानी के पंप का रिबोर कार्य करवा रहे थे। एफआईआर में बताया गया है कि पानी के पंप के रिबोर कार्य के लिये पानी का टैंकर कार्य पूर्ति हेतु आया था। तभी वहां सर्वोदय कॉलोनी निवासी योगेश, पवन, सूरज और बादल आ गए।

इन लोगों ने टैंकर से पानी लेने को लेकर पार्षद पति के साथ पहले गाली-गलौच की। इसके बाद लात घूसों से पार्षद पति की पिटाई की। जब उनकी पिटाई हो रही थी तो वहां पर सुनीता नाम की महिला ने चंद्रपाल के साथ आकर पार्षद पति थान सिंह को बचाया। बीच-बचाव में चंद्रपाल के हाथ में भी काफी चोटें आई हैं। पार्षद पति ने थाने में तहरीर दी है और पुलिस ने इस मामले में एनसीआरबी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच चल रही है। बताया जाता है कि थान सिंह पत्नी मुन्नी देवी निर्दलीय चुनाव लड़ी थीं और बाद में मुन्नी देवी और थान सिंह दोनों भाजपाई हो गए थे। इसी वार्ड में निगम के टैंकर से पानी को लेकर झगड़े का ये पहला मामला है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में एनसीआरबी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभी इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### पार्षद वैलफेयर एसोसिएशन आगे आई

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बताते हैं कि जब भाजपा के पार्षद पति की मोहल्ले के ही लोगों ने पिटाई की तो उन्होंने इस मामले में एक बड़े जनप्रतिनिधि के यहां गुहार लगाई। सुना है कि वहां से कोई मदद नहीं हुई और फिर इस मामले में उन्होंने खुद भागदौड़ की। बताते हैं कि मामला संज्ञान में आने के बाद पार्षद वैलफेयर एसोसिएशन उनकी लड़ाई लड़ने के लिये आगे आई है। इस मामले में पीडब्ल्यूए के नीरज गोयल ने बताया कि थान सिंह पार्षद वैलफेयर एसोसिएशन से जुड़े हुए नहीं हैं और वो पार्षद वैलफेयर एसोसिएशन के सदस्य भी नहीं हैं। लेकिन नीरज गोयल ने कहा कि चाहे वो पार्षद हों या पार्षद पति हों विकास कार्यों के दौरान इस तरह से हमला होना पार्षदों के लिये घातक है। उन्होंने कहा कि पार्षद वैलफेयर एसोसिएशन ने उन्हें पूरा समर्थन दिया है और जल्द ही हम पुलिस आयुक्त से मिलकर इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करेंगे।

## समाजवादी पार्टी में गुटबाजी चरम पर चौराहे पर फूंका गया जिलाध्यक्ष का पुतला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी में लगातार गुटबाजी और आंतरिक संघर्ष खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में पद से हटाए गए सपा नेता जीतू शर्मा ने खुलकर जिलाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। रविवार को उन्होंने न केवल सपा जिला अध्यक्ष का पुतला फूंका, बल्कि जमकर नारेबाजी की और उनके कार्यकाल पर गंभीर सवाल उठाए। सूत्रों के अनुसार, पार्टी के अंदर चल रही खेमेबंदी और



असहमति अब सोशल मीडिया तक सीमित नहीं रह गई है। पहले यह विवाद, वार, लैटर और ऑनलाइन मंचों तक सीमित था, अब यह शहर के प्रमुख चौराहों पर भी दिखाई देने लगा है।

वहीं, भारतीय जनता पार्टी आगामी चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। पार्टी विरासत अभियान चला रही है और लोगों को जोड़ने का काम कर रही है, जिससे उसकी पकड़ और मजबूती बढ़ रही है। इसके विपरीत, समाजवादी पार्टी में गुटबाजी और खेमा बंदी चरम पर बनी हुई है, जिससे संगठनात्मक मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं। सपा सूत्रों का कहना है कि अगर पार्टी के अंदर चल रहे संघर्ष पर जल्दी नियंत्रण नहीं पाया गया, तो आगामी चुनाव में इसका प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

## समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष का पुतला फूंका



### जीतू शर्मा के पक्ष में जताया विरोध

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकर्ताओं ने रविवार को आरडीसी स्थित हिंट चौक पर सपा जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन और युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरि का पुतला दहन कर जोरदार नारेबाजी की। यह विरोध प्रदर्शन सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जीतू शर्मा के नेतृत्व में किया गया। सपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन पार्टी के हित के बजाय भाजपा के एजेंट के रूप में गाजियाबाद में काम कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिलाध्यक्ष न वरिष्ठ नेताओं को सम्मान देते हैं और न ही किसी कार्यक्रम की सूचना देते हैं, जिससे पार्टी कार्यालय आने वाले नेताओं की हाजिरी में गिरावट आई है और पार्टी का एक बड़ा खेमा नाराज है।

साथ ही उन्होंने कहा कि सक्रिय युवा नेता जीतू शर्मा को साजिश और षड्यंत्र के तहत पद से हटाया गया, जिसका विरोध पुतला दहन के माध्यम से किया गया। इस मौके पर एडवोकेट मुकेश कुमार, एडवोकेट अंकुर गुर्जर, दक्ष नागर, मोहित कौशिक, मनोज पंडित, सौरभ शर्मा, प्रिंस यादव, आकाश कुमार, हरेंद्र बौद्ध, पंडित सुनील शर्मा, राकेश कुमार, अर्जुन सिंह, कुलदीप बिश्नोई, अंकुर तेवतिया, सुरेश कश्यप सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### गुलाब यादव ने महानगर उपाध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के महानगर उपाध्यक्ष गुलाब यादव ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। अपने इस्तीफे में गुलाब यादव ने कहा कि वे लंबे समय से अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे थे, लेकिन निजी कारणों के चलते अब वे महानगर उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारियों का निर्वाह करना असमर्थ हैं। गुलाब यादव ने प्रभारी को भेजे पत्र में स्पष्ट रूप से कहा है कि वे अपने पद से पूरी तरह हटना चाहते हैं और कृपया उनका इस्तीफा स्वीकार किया जाए। इस्तीफे के बाद महानगर उपाध्यक्ष पद रिक्त हो गया है और पार्टी अब नए उपाध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया शुरू कर सकती है। गुलाब यादव के इस्तीफे से पार्टी कार्यकर्ताओं में हलचल बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि आगामी दिन में इसका पार्टी राजनीती में असर रहेगा।

**गुलाब यादव ने कहा, निजी कारणों के चलते महानगर उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारियों का निर्वाहन करने में असमर्थ हैं।**

### क्राइम कंट्रोल के लिए पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

## 508 अपराधी थानों में हुए तलब



**इस अभियान के तहत जमानत पर चल रहे अपराधियों को थानों पर तलब किया गया**

**जोनवार अपराधियों की संख्या**

| | |
|---|---|
| नगर जोन | 109 |
| ट्रांस हिण्डन जोन | 95 |
| ग्रामीण जोन | 304 |
| कुल | 508 |

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर के आदेश पर अपराध रोकथाम एवं आपराधिक संवेदनशीलता के दृष्टिगत पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में रविवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पिछले 10 वर्षों में चोरी, डकैती, स्नैचिंग जैसे गंभीर अपराधों में शामिल और वर्तमान में जमानत पर चल रहे अपराधियों को थानों पर तलब किया गया। इस दौरान सभी बीट पुलिस अधिकारी और बीट एसआई ने अपने-अपने क्षेत्रों में चिन्हित अपराधियों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर उन्हें थानों पर उपस्थित कराया। अभियान के अंतर्गत अपराधियों की पहचान, गतिविधियों और ठिकानों का सत्यापन करते हुए उनके वर्तमान व्यवहार और सामाजिक स्थिति का मूल्यांकन किया गया।

### दिलाई गई अपराध ना करने की शपथ



करंट क्राइम : पुलिस अधिकारियों ने अपराधियों को दोबारा अपराध न करने की सख्त चेतावनी दी और सुधार की दिशा में प्रेरित किया। साथ ही, हर अपराधी का विस्तृत डॉसियर तैयार किया गया जिसमें उनका आपराधिक इतिहास, वर्तमान पता, संपर्क सूत्र, आर्थिक स्थिति और पारिवारिक हालात का विवरण शामिल किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों पर निगरानी रखते हुए अपराध की पुनरावृत्ति को रोकना और समाज में शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है।

**पुलिस अधिकारियों ने अपराधियों को सुधार की दिशा में प्रेरित किया**

## सिपाही चाहते थे हो जाए हिरासत से कैदी फरार पहले हुए सस्पेंड और फिर हो गए गिरफ्तार

**डासना जेल पहुंचे थे नकली आदेश लेकर, जेल प्रशासन की सूझबूझ से साजिश नाकाम**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट में भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां लाइन में तैनात दो आरक्षियों ने डासना जेल से बंदी को भगाने की साजिश रच डाली। दोनों सिपाहियों राहुल कुमार और सचिन कुमार को गिरफ्तार कर निलंबित कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, दोनों आरक्षी शनिवार को जिला कारागार, डासना पहुंचे और एक बंदी को नोएडा में पेशी पर ले जाने का आदेश दिखाया। आदेश देखकर जेल प्रशासन को संदेह हुआ, क्योंकि उसमें कुल छह बंदियों के नाम दर्ज थे, जबकि ये दोनों केवल एक बंदी को ही साथ ले जाने की बात कह रहे थे।




### दोनों सिपाही अब अभिरक्षा में, जांच जारी

करंट क्राइम : एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि आरक्षी राहुल कुमार और सचिन कुमार को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पुष्टि हुई है कि दोनों ने बंदी को भगाने का प्रयास किया था। सचिन कुमार वर्ष 2016 में यूपी पुलिस में भर्ती हुआ था। तो वहीं राहुल कुमार ने 2015 में सेवा ज्वाइन की थी। दोनों की हरकत ने पुलिस विभाग की साख पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।




### जेल प्रशासन की सतर्कता से साजिश हुई नाकाम

करंट क्राइम : जेल अधिकारियों ने जब शासन से पुष्टि की, तो पता चला कि रिजर्व पुलिस लाइन, गाजियाबाद से न तो कोई पुलिस वाहन भेजा गया था और न ही किसी आरक्षी की बंदी पेशी की ड्यूटी लगाई गई थी। इससे स्पष्ट हुआ कि दोनों सिपाही निजी वाहन से बंदी को भगाने की नीयत से आए थे।

### आरआई ने कराया मुकदमा दर्ज



करंट क्राइम : इस मामले में रिजर्व पुलिस लाइंस गाजियाबाद के प्रतिसार निरीक्षक (आरआई द्वितीय) चन्द्रभान सिंह ने थाना कविनगर में दोनों सिपाहियों सचिन कुमार व राहुल कुमार के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

## विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन

### समाज में दिव्यांगता के प्रति जागरूकता और समावेशी सोच को बढ़ावा देने का संदेश

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस के अवसर पर भागीरथ सेवा संस्थान, फर्स्ट वन रिहैब फाउंडेशन और राम चमेली चड्ढा विश्वास गर्ल्स कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फरेंस रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। सम्मेलन का उद्देश्य समाज को सेरेब्रल पाल्सी जैसी विशेष दिव्यांगता के प्रति जागरूक करना और प्रभावित बच्चों व अभिभावकों को व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम में भारत सरकार में राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा (उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण

शेष, पृष्ठ 8

## स्कूल की जर्जर इमारत के लिए नहीं था फंड तो लग गया स्कूल में ताला धर्मशाला में चल रही है अब स्कूल के बच्चों की पाठशाला

उदयवीर सिंह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ये कहानी उस विधानसभा की है जो देश की सबसे बड़ी विधानसभा है। ये कहानी उस विधानसभा की है जहां के विधायक ने अपनी निधि का सबसे बड़ा हिस्सा सरकारी स्कूलों के फर्नीचर के लिए दिया है। ये कहानी उस क्षेत्र की हैं जहां लगभग एक दर्जन बड़ी कंपनियां औद्योगिक क्षेत्र में आती हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि सरकारी स्कूल की ये पाठशाला अब एक धर्मशाला में चल रही है। मामला साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र का है। यहां मकनपुर में प्राथमिक विद्यालय है जिसे सरकारी स्कूल कहा जाता है। सरकारी स्कूल में टीचर भी हैं बच्चे हैं लेकिन फिर भी इसमें ताला लग गया। दरअसल स्कूल की इमारत पुरानी हो चुकी है और यहां पहले दीवारों से प्लास्टर गिरा। फिर छतों के सरिये दिखाई देने लगे और फिर ये हुआ कि स्कूल के बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए स्कूल ही खाली करना पड़ा। स्कूली बच्चें कहा जायें इसको लेकर क्षेत्रीय पार्षद ने प्रयास किये और धर्मशाला के कमरे खुलवा दिये। जिन बच्चों को स्कूल में बैठकर पढ़ना है वो बच्चे अब धर्मशाला में बैठकर पढ़ रहे है। शिक्षा विभाग के अधिकारी फंड की बात कह रहे हैं और स्कूल की प्रधानाचार्य बता रही हैं वो अधिकारियों के सामने ये पूरा मामला रख चुकी हैं। जिस जिले में पौधों के लिए फंड है, जिस जिले में नदी की सफाई के लिए फंड है। उस जिले में सरकारी स्कूल में ताला इसलिए लग गया क्योंकि इसकी मरम्मत कराने के लिए फंड नहीं है। शिक्षा के मंदिर में ताला है और बच्चे उस धर्मशाला में पढ़ रहे हैं जहां ना उनके बैठने के लिए फर्नीचर है ना टीचर के बैठने के लिए कुर्सी है। करंट क्राइम ने जब इस पूरे मामले की पड़ताल की तो पता चला कि पूरा मामला बजट से जुड़ा है। अगर बजट में स्कूल के लिए कोई प्रावधान होता तो यहां बच्चे परेशान नहीं होते। हालांकि बताया ये जाता है कि शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली बच्चों को दूसरे स्कूल में समायोजित करने की योजना बनाई गई थी लेकिन यहां से दूसरा स्कूल दूर है। ये बच्चे प्राथमिक विद्यालय के छोटे बच्चे हैं और उनके अभिभावकों ने उन्हें वहां भेजने से इंकार कर दिया। अभिभावकों का डर अपनी जगह कि छोटे बच्चों को सड़क पार करके वहां जाना है और शिक्ष विभाग की अपनी मजबूरी कि अस्थाई व्यवस्था तो ऐसे ही हो सकती है। फिलहाल मकनपुर का ये प्राथमिक विद्यालय गांव में तालाब के पास बनी धर्मशाला में चल रहा है। स्कूल में ताला है और धर्मशाला में स्कूल चल रहा है। यहां ना ब्लैकबोर्ड है, ना फर्नीचर है और सबसे बड़ी बात है कि धर्मशाला में कोई शादी विवाद या अन्य आयोजन हुआ तो उस दिन पाठशाला की छुट्टी होगी और धर्मशाला में कार्यक्रम होगा।








### हम कर रहें हैं बजट का इंतजार, तभी होगा उद्धार: ओ पी यादव, बीएसए



करंट क्राइम। बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव का कहना है कि फिलहाल हमारे पास इसका बजट नहीं है। उन्होंने बताया कि बजट के लिए अब हमने कई संस्थाओं को बोला है। लेकिन कोई भी संस्था स्कूल की मदद के लिए अभी तक आगे नहीं आई है। यदि कोई संस्था मदद के लिए आगे आती है तो यहां निर्माण कार्य कराया जा सकता है। जब बजट होगा तभी स्कूल का उद्धार होगा।

### दो साल पहले सूचित कर चुके हैं शिक्षा विभाग को: महजबीन खानम प्राधानाचार्य



करंट क्राइम। स्कूल प्रधानाचार्य महजबीन खानम ने बताया कि हमने दो साल पहले शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर स्कूल की जर्जर हालत के बारे में जानकारी दी थी। लेकिन अभी तक इस विषय में कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने बताया कि जब छुट्टियों के बाद स्कूल खुले तो हालत और खस्ता थी। हमने अधिकारियों को सूचित किया और फिर बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्कूल की हालत देखकर कहा कि इस स्कूल को दूसरे स्कूल में शिफ्ट कर देंगे। लेकिन छोटे बच्चे और दूसरा स्कूल दूर होने के कारण अभिभावक तैयार नहीं हुए। फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था के आधार पर स्कूल चलाया जा रहा है और बच्चों को पढ़ाया जा रहा है।

### मैंने तो अस्थाई मदद उपलब्ध करायी थी: राधेश्याम त्यागी



करंट क्राइम। जब मकनपुर के सरकारी स्कूल में इसलिए ताला लग गया कि उसकी हालत जर्जर है। शिक्षा विभाग के पास फंड नहीं है और वो इसी संस्था का इंतजार कर रहे हैं। बच्चे कैसे पढ़ेंगे यह विषय जब क्षेत्रीय पार्षद राधेश्याम त्यागी के समक्ष आया तो उन्होंने यहां बड़ा दिल दिखाया। जब स्कूल के दरवाजे पर ताला लगा तो पार्षद राधेश्याम त्यागी ने अपे वार्ड की धर्मशाला का ताला खुलवा दिया। जितना वो कर सकते थे उन्होंने किया। लेकिन अब उनका भी ये कहना है कि मैंने अस्थाई रूप से मदद कराई थी। मगर सीन स्थाई वाला हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की अनदेखी के चलते ये सब हो रहा है। यदि इसमें प्रशासन रूचि ले तो स्कूल के लिए मदद आ सकती है। उन्होंने इस बात पर चिंता रखी की धर्मशाला में अस्थाई रूप से तो स्कूल चल सकता है लेकिन बच्चे कब तक जमीन पर बैठेंगे। टीचर कब तक खड़े होकर पढायेंगे। और सबसे बडी बात ये कि यहां ब्लैकबोर्ड नहीं है तो बच्चों को अक्षर ज्ञान कैसे पढ़ाया। उन्होनें बताया कि अगस्त के महीने में धर्मशाला शुरू हुई थी जो अब तक चल रही है।

## संपादकीय

# पायलट प्रशिक्षण

भारत में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा पंजीकृत उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) की पहली रैंकिंग एक स्पष्ट एवं व्यावहारिक संदेश देती है। इनमें कोई भी संगठन या प्रशिक्षण केंद्र विमानन नियामक की शीर्ष दो श्रेणियों ह्य ए प्लसह्ल और ह्यएह्ल में जगह नहीं बना पाया है। 22 संगठनों को ह्यबीह्ल रैंकिंग और 13 को ह्यसीह्ल रैंकिंग दी गई है। अधिक स्पष्ट शब्दों में कहें तो भारत के अधिकांश एफटीओ ह्यऔसतह्लया ह्यऔसत से ऊपरह्ल हैं। ह्यबीह्ल रैंकिंग 70 प्रतिशत और 50 प्रतिशत के बीच अंक (स्कोर) दशार्ती है और बताती है कि केवल कुछ ही एफटीओ शीर्ष समूह में शामिल हैं। ह्यसीह्ल श्रेणी में आए एफटीओ को ह्यआत्म-विश्लेषण और सुधारह्ल के लिए नोटिस जारी किए गए हैं और वे डीजीसीए की जांच के दायरे में भी आ सकते हैं।

सरकार से समर्थन प्राप्त प्रायोजित एफटीओ रैंकिंग में काफी नीचे हैं। एफटीओ हर साल 800 से 1,000 वाणिज्यिक-पायलट लाइसेंस धारकों को स्नातक की उपाधि देते हैं लेकिन यह संख्या बढ़ने की उम्मीद है। घरेलू एफटीओ के औसत एवं इससे थोड़े अधिक प्रदर्शन की रैंकिंग ऐसे समय में आई है जब पायलटों की मांग काफी बढ़ रही है। अनुमान है कि अगले 15 वर्षों में पायलटों की संख्या मौजूदा कार्यरत 6,000 -7,000 से बढ़कर 30,000 तक पहुंच सकती है। इसका कारण यह है कि प्रमुख भारतीय विमानन कंपनियां नए विमानों के लिए भारी भरकम ऑर्डर दे रही हैं।

डीजीसीए ने रैंकिंग तय करने के लिए जो मानदंड लागू किए हैं। उन पर गहराई से विश्लेषण करें तो स्थिति काफी चिंताजनक लगती है। यह विश्लेषण बताता है कि मुख्य समस्या प्रशिक्षण संबंधित आवश्यक ढांचे की कमी और अपेक्षाकृत ढीले सुरक्षा मानकों से जुड़ी है। रैंकिंग तय करने में इन दोनों पहलुओं का भारांश 60 प्रतिशत है। उदाहरण के लिए नियामक ह्यपरिचालन से जुड़े विषयों पहलुओंह्ल को 40 प्रतिशत यानी सबसे अधिक भारांश देता है जिसमें छात्र-विमान अनुपात, छात्र- अनुदेशक अनुपात, बेड़े का आकार और ग्राउंड स्कूल और सिम्युलेटर की उपलब्धता जैसे मानदंड शामिल हैं। सुरक्षा मानकों का भारांक 20 प्रतिशत है और इनमें पिछले 12 महीनों में दुर्घटनाओं एवं घटनाओं की संख्या शामिल है।

इससे भी महत्त्वपूर्ण बात यह है कि ये पाठ्यक्रम सस्ते नहीं हैं। उदाहरण के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत काम करने वाली इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी वाणिज्यिक पायलट के लाइसेंस के लिए 30 लाख रुपये अग्रिम फीस ले लेती है (जिसमें 200 घंटे की उड़ान शामिल है)। डीजीसीए ने इस अकादमी को ह्यसी ह्य रेटिंग दी है। इस फीस में ह्यटाइप रेटिंगह्ल शामिल नहीं है, जो पायलटों को विशिष्ट विमान उड़ान के लिए अनिवार्य रूप से हासिल करनी होती है।

इस तरह, पाठ्यक्रम का खर्च 15-20 लाख रुपये बढ़ जाता है। कुल मिलाकर, एक प्रशिक्षु पायलट के लिए 40-60 लाख रुपये खर्च आता है। जो लोग दूसरे विकल्प तलाश रहे हैं वे विमानन कंपनियों द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम (डीजीसीए रेटिंग प्राप्त नहीं) चुन सकते हैं, लेकिन ये अच्छी गुणवत्ता के बावजूद अधिक महंगे हो सकते हैं यानी फीस 1 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है।

चिंता की दूसरी बात यह है कि पायलट प्रशिक्षण पर यह भारी खर्च (जिस पर परिवार अक्सर अपनी बचत का बड़ा हिस्सा खर्च करते हैं) नौकरी की गारंटी नहीं देता है क्योंकि भारतीय विमानन उद्योग में अनुभवी पायलटों को अधिक तवज्जो दी जाती है, न कि नए प्रशिक्षित पायलटों की।

इस तरह की पहली रैंकिंग में निकल कर आए तथ्यों के बाद डीजीसीए ने उन सैकड़ों युवा महिलाओं और पुरुषों को एक महत्त्वपूर्ण संदेश दिया है जो तेजी से बढ़ते भारतीय विमानन उद्योग में उड़ान भरने की आकांक्षा रखते हैं। यह रैंकिंग से जुड़ी कवायद वर्ष में दो बार 1 अप्रैल और 1 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी जिससे एफटीओ अपनी तरफ से कोई अनुचित कार्य व्यवहार नहीं कर पाएंगे।

नियामक के लिए सभी संस्थागत रैंकिंग में निहित महत्त्वपूर्ण चुनौती सार्थक जांच के साथ प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखनी है ताकि यह पूरी कवायद केवल दिखावे एवं हल्की-फुल्की औपचारिकताएं निभाने तक सिमट कर नहीं रह जाए। तेजी से भीड़भाड़ वाले भारतीय विमानन उद्योग में गहन जांच एवं समीक्षा की जरूरत है।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राष्ट्रव्यापी वित्तीय जागरूकता अभियान शुरू किया, गुजरात से आगाज




**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देशव्यापी वित्तीय जागरूकता अभियान 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' की शुरूआत गुजरात से की। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने संदेश भेजकर अभियान के सफल होने की शुभकामनाएं दीं। मौके पर गुजरात के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई भी मौजूद रहे। सीतारमण ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की बचाई गई राशि उन्हीं या उनके परिवार को लौटनी चाहिए। उन्होंने कहा, देश में कुल 1.82 लाख करोड़ राशि अनक्लेम्ड (कोई दावेदार नहीं) है। इसमें 75,000 करोड़ बैंक जमा, 14,000 करोड़ बीमा, 3,000 करोड़ म्यूचुअल फंड, 9,000 करोड़ कंपनियों में और 19,000 करोड़ शेयर के रूप में हैं। यह रकम गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बड़ी सहायता बन सकती है। उन्होंने अभियान के तीन स्तंभों के रूप में जागरूकता, सुलभता और कार्रवाई को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, इनके माध्यम से नागरिकों को अपने बकाया वित्तीय दावे सरलता और पारदर्शिता से प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

सरकार ने टोल प्लाजा पर नकद लेनदेन को हतोत्साहित करने के लिए बड़ा फैसला किया है। सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि 15 नवंबर से यदि कोई वाहन बिना वैध फास्टैग के राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के टोल प्लाजा में प्रवेश करता है, तो उसे डिजिटल भुगतान करने पर सवा गुना और नकद भुगतान पर दोगुना टोल लगेगा। अभी नकद व यूपीआई दोनों माध्यमों से भुगतान पर दोगुना शुल्क लगता है। नए नियमों से डिजिटल पेमेंट पर राहत मिलेगी। टोल संचालन में तेजी आएगी।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज यानी एनएसई ने निफ्टी-50 फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस (एफएंडओ) कॉन्ट्रैक्ट्स का लॉट साइज 75 से घटाकर 65 कर दिया है। यह बदलाव विशेष रूप से 30 दिसंबर के बाद समाप्त होने वाले तिमाही और छमाही अनुबंधों पर लागू होंगे। साप्ताहिक और मासिक अनुबंध उस तिथि तक मौजूदा लॉट साइज के साथ जारी रहेंगे। निफ्टी-50 का लॉट साइज घटकर 65 हो जाने के साथ बैंक निफ्टी कॉन्ट्रैक्ट साइज 35 से 30 हो जाएगा। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 65 से 60 हो जाएगा। निफ्टी मिडकैप सेलेक्ट 140 से घटकर 120 हो जाएगा।

सरकार ने व्यक्तिगत पॉलिसियों पर जीएसटी हटा कर इनपुट टैक्स क्रेडिट यानी आईटीसी वापस ले लिया है। इसका सीधा असर बीमा एजेंटों पर पड़ रहा है।

कंपनियां अब वितरकों को कम कमीशन दे रही हैं। इससे वितरकों में निराशा है। एक अक्तूबर से निवा बुपा, केयर हेल्थ और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने जीएसटी सहित कमीशन माना है।

**ग्राहकों को प्रीमियम में नहीं मिलेगी विशेष राहत...**

बीमा कंपनियां पूरा जीएसटी लाभ ग्राहकों को दे रही हैं, लेकिन आईटीसी के नुकसान को पूरा करने के लिए वितरकों को मिलने वाला कमीशन कम कर रही हैं। जीवन बीमा कंपनियां भी इसी तरह दबाव में हैं। उद्योग ने 2023-24 में करीब 24,000 करोड़ जीएसटी भरा था। इसमें से 14,000 करोड़ का आईटीसी मिला था। अब आईटीसी नहीं मिलने के कारण कंपनियों को लगभग 15,000 करोड़ का नुकसान होगा। इसका हिस्सा कंपनी के मुनाफे और अन्य खातों में दिखेगा। ग्राहकों को प्रीमियम में कोई खास राहत नहीं मिलेगी, क्योंकि कंपनियां अपने नुकसान को पूरा करने के लिए कीमतें प्रीमियम बढ़ा सकती हैं।

# व्यापार के लिए गेम चेंजर होगा भारत-यूरोपीय संघ के बीच एफटीए




**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) और निवेश संरक्षण समझौता गेम चेंजर साबित हो सकता है, खासकर तब जब कई देश अपने बाजार बंद कर रहे हैं या टैरिफ बढ़ा रहे हैं। यह बात भारत में यूरोपीय संघ के राजदूत हेर्वे डेल्फिन ने कही है। बता दें कि ये बात उन्होंने तब कही जब भारत और 27 देशों के इस आर्थिक समूह के बीच 14वीं बातचीत जल्द ही ब्रसेल्स में होने वाली है। पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने इस समझौते को दिसंबर तक पूरा करने का संकल्प दोहराया था। मामले में डेल्फिन ने बताया कि यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है और वित्तीय वर्ष 2023-24 में दोनों के बीच व्यापार का कुल आंकड़ा 135 अरब डॉलर रहा। उन्होंने कहा कि यह समझौता यूरोपीय और भारतीय व्यापारियों के लिए नए अवसर खोल सकता है और द्विपक्षीय व्यापार व निवेश को बढ़ा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि कई देशों के बाजार बंद करने या टैरिफ बढ़ाने के बीच यह समझौता व्यापार को विविधता देने, अनिश्चितताओं से बचाव करने और सप्लाई चेन को मजबूत बनाने का अवसर है। हालांकि, दूसरी ओर डेल्फिन ने स्वीकार किया कि समझौते की बातचीत चुनौतीपूर्ण है और कई महत्वपूर्ण मुद्दे अभी भी हल होने बाकी हैं। सितंबर में दिल्ली में हुई 13वीं बातचीत में यूरोपीय आयोग के कमिश्नर शामिल थे, लेकिन अपेक्षित बड़ी प्रगति नहीं हुई।

उन्होंने बताया कि अब तक 11 चैप्टर पर सहमति हो चुकी है, जिनमें कस्टम्स, विवाद समाधान, डिजिटल ट्रेड, सतत खाद्य प्रणाली, एमएसएमई, प्रतिस्पर्धा, सब्सिडी और पूंजी आंदोलन शामिल हैं। लेकिन रूल्स ऑफ ओरिजिन और मार्केट एक्सेस जैसे अहम मुद्दे अभी भी बातचीत के अधीन हैं। डेल्फिन ने आगे ये भी कहा कि भारत और यूरोपीय संघ की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे को पूरक हैं और उनके बीच व्यापार व निवेश का बड़ा मौका है। एफटीए और निवेश संरक्षण समझौता दोनों ही आर्थिक संबंधों में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने अंत में कहा कि भारत और यूरोपीय संघ विश्व की और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं होने के कारण द्विपक्षीय व्यापार में तेजी से विकास की संभावना है।

## राशिफल

**मेष :** किसी पुराने साथी से विवाद होने की संभावना है। दांपत्य जीवन में दोनों के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है। हालांकि लव पार्टनर के रोमांटिक पल गुजरेंगे।

**वृष :** मन विचलित रहेगा और आपको लगेगा कि कोई धोखा दे रहा है। सही बात जानने के लिए बिना बात किए अहंकार से बचें और सामाजिक मेलजोल का सहारा लें।

**मिथुन :** पति-पत्नी और अविवाहित जोड़े एक-दूसरे के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अगर किसी के करीब हैं और उसे दिल की बात बताना चाहते हैं तो वो आपको बताऊंगा।

**कर्क :** घर में शादी की शहनाई बजाई जा सकती है। शादी के लिए अच्छा समय चल रहा है। आज आपको अपने प्रिय से खुशखबरी मिलेगी।

**सिंह :** अपने मन को शांत रखेंगे तो इस दिन अपने पार्टनर से वह सब मिलेगा जो आप चाहते हैं। लिव इन रिलेशनशिप में रहने वालों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

**कन्या :** प्रेमी आई लव यू कहने के लिए बेताब दिखेगी। लोगों की शादी चल रही है, उन्हें सफलता मिल सकती है। विवाहित को ससुराल पक्ष से परेशानी हो सकती है।

**तुला :** नए रिश्ते पर भरोसा आज आपके रिश्तों में कड़वाहट ला सकता है। पार्टनर के साथ बाहर की यात्रा हो सकती है। टूटे हुए रिश्ते फिर से बन सकते हैं।

**वृश्चिक :** नए लव पार्टनर पर भरोसा नहीं कर पाएंगे और बदतमीजी करेंगे। रिश्ते में विश्वास रखें। सहकर्मियों के साथ यात्रा करनी पड़ सकती है।

**धनु :** पार्टनर के बीच जो था उसे लेकर तनाव आज खत्म हो सकता है। अगर आप अपने प्रियजन को प्रपोज करते हैं तो आपको जवाब में हां मिल सकती है।

**मकर :** लव लाइफ में मन की मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं। दिन हल्का चलने वाला है। सब कुछ स्वाभाविक रूप से न लें। लव लाइफ में कुछ अहम बदलाव हो सकते हैं।

**कुंभ :** प्रेमी को लेकर मन में भ्रम रहेगा। प्यार पाने के लिए महंगे गिफ्ट खरीदेंगे। आज प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। प्रेमी को प्रभावित करने के लिए महंगे उपहार खरीदेंगे।

**मीन :** नए प्रेम संबंध बनेंगे। प्रेमी आपके बारे में क्या सोचता है इस बारे में मन उत्सुकता से भरा रहता है। परिवार में धार्मिक पूजा होने की संभावना है।

## चुटकुले

एक दिन चिंटू पंडित जी के पास गया
पंडित - तुम्हारी कुंडली में धन ही धन लिखा है
चिंटू - वो तो सब ठीक है पंडित जी लेकिन ये तो बताइए इस धन को बैंक में कैसे ट्रांसफर करुं
पंडित बेहोश।

---

रात में चिंटू को एक मच्छर ने काट लिया।
चिंटू गुस्से में रात भर मच्छर मारने के लिए उसके पीछे चप्पल लेकर भागता रहा, ऐसा करते-करते सुबह हो गई। फिर भी वह मच्छर को मार नहीं पाया।
चिंटू-चलो कोई बात नहीं, इसे मार तो नहीं पाया, लेकिन शुक्र है कि मैंने इसे रात भर सोने नहीं दिया।

---

मम्मी-चिंटू, तुम बहुत शरारती हो। बंदर जैसी हरकत करते-करते देखने में भी बंदर जैसे लगने लगे हो।
चिंटू-लेकिन मम्मी, पड़ोस वाली आंटी तो कहती हैं कि तुम बिल्कुल अपने पापा की तरह दिखते हो।

**कांग्रेस ने केंद्र पर आरोप लगाकर किया बड़ा दावा**

# 'देश में अमीरी और गरीबी की खाई को बढ़ा रही सरकार'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को सरकार पर आरोप लगाया कि केंद्र अमीरी और गरीबी की खाई को बढ़ा रहा है। पार्टी ने कहा कि यह सिर्फ अर्थव्यवस्था के लिए समस्या नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा हमला है। कांग्रेस महासचिव व संचार प्रभारी जयराम रमेश ने एक्स पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत अब अरबपतियों का नया केंद्र बनता जा रहा है।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम

Namita Bhalla
41m

ईश्वर की असीम कृपा गुरु जी की असीम कृपा से आज 5 अक्टूबर को मेरे बेटे प्रखर ने 25 वर्ष पूरे कर नए वर्ष में प्रवेश किया बहुत-बहुत शुभकामनाएं बहुत-बहुत धन्यवाद ईश्वर का आप सभी की शुभकामनाओं के आकांक्षी हैं



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पुत्र के जन्मदिन पर मां ने अपने जिगर के टुकड़े के लिए सारी खुशियां ईश्वर से मांगी। नमिता भल्ला के सुपुत्र प्रखर ने अपनी आयु के 25 वर्ष पूरे किए और 26 में वर्ष में प्रवेश किया। बेटे की लंबी आयु की कामना उसके जीवन में हर खुशी हर मंगल की प्रार्थना करते हुए नविता भल्ला ने ईश्वर से उसके लिए हर खुशी मांगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जो लोग सोचते हैं कि उनकी राय दूसरों के मुकाबले बेहतर है, वे अपने प्रासंगिक ज्ञान को अधिक महत्व देने और अधिक जानने के अवसरों को अनदेखा कर सकते हैं, एक अध्ययन में पाया गया।
- साल 2015 में जर्मनी में सबसे ज्यादा आश्रय अनुरोध थे।
- सावधानीपूर्ण और कुशल इंजीनियरिंग के कारण आकाशीय बिजली ने 1963 से किसी भी विमान को नुक्सान नहीं पहुँचाया है, क्यूंकि यह आकाशीय बिजली के बोल्ट के बिजली के चार्ज को विमान के माध्यम से चलाता है और इसके बाहर चला जाता है।
- कई आइसलैंड निवासियों के लिए, विश्व युद्ध 2 वास्तव में 'धन्यवाद युद्ध' के रूप में जाना जाता है क्योंकि देश की आजादी के लिए धन्यवाद देने का युद्ध है।
- जब स्टीव जॉब्स अपनी मृत्युसैय्या पर थे, तो उन्होंने पांच अलग ऑक्सीजन मास्क मांगे ताकि वह सर्वश्रेष्ठ डिजाइन के साथ एक चुन सकें।
- यदि आप वास्तविक जीवन में राक्षसों और पिशाचों के बारे में जानना चाहते हैं, तो आप एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में पैराप्सिओलॉजी में पीएचडी प्राप्त कर सकते हैं।

## 06 10 2025 करंट क्राइम

**सेलेब्रिटी जन्मदिन**



अनुज सचदेवा
अभिनेता

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन







सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# 'पैसे कमाने भारत आते हैं', ट्रॉफी विवाद पर भारत की आलोचना करने वाले डिविलियर्स को फैंस ने घेरा

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए एशिया कप 2025 फाइनल का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। फाइनल में ट्रॉफी विवाद पर भारत का पक्ष न लेने पर पूर्व दक्षिण अफ्रीकी दिग्गज एबी डिविलियर्स सोशल मीडिया पर बुरी तरह ट्रोल हो गए। भारतीय फैंस ने उन्हें याद दिलाया कि वो पैसा कमाने के लिए अक्सर भारत ही आते हैं। भारत ने खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर खिताब जीता था।

टीम इंडिया ने एसीसी और पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी से ट्रॉफी नहीं लेने का एलान पहले ही कर दिया था। हालांकि, फाइनल के बाद नकवी ने इस फैसले का सम्मान करने की बजाय बेशर्मी की हद पार कर दी और स्टेज पर बने रहे और फिर भारत के ट्रॉफी के लिए स्टेज पर न आने पर और वह ट्रॉफी लेकर होटल भाग गए। नकवी की इस बेशर्मी की खूब आलोचना हुई



थी। हालांकि, इस मुद्दे पर दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स के बयान ने आग में घी डालने का काम किया।

## 'राजनीति को खेल से दूर रखना चाहिए'

दरअसल, डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर इस विवाद पर बोलते हुए कहा कि उन्हें भारत का रवैया पसंद नहीं आया। उन्होंने कहा था, 'टीम इंडिया उस व्यक्ति से ट्रॉफी नहीं लेना चाहती थी जो वहां मौजूद था। मुझे नहीं लगता कि ऐसी बातें खेल का हिस्सा होनी चाहिए। राजनीति को खेल से दूर रखना चाहिए। खेल को सिर्फ खेल के तौर पर मनाया जाना चाहिए। ये देखना दुखद था। उम्मीद है कि भविष्य में इस तरह की चीजें सुलझ जाएंगी। इससे खिलाड़ियों को असहज स्थिति में डाल दिया जाता है, और यही बात मुझे सबसे ज्यादा खलती है। अंत में जो माहौल बना, वो काफी अजीब था।'

## सोशल मीडिया पर भड़के भारतीय फैंस

डिविलियर्स का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल होते ही भारतीय फैंस भड़क उठे। ट्विटर पर कई यूजर्स ने उन पर निशाना साधते हुए लिखा कि वह भारत पैसा कमाने तो आते हैं, लेकिन भारत का पक्ष लेने में दिक्कत होती है। एक यूजर ने लिखा, 'आईपीएल में करोड़ों रुपये कमाने के लिए तो भारत आते हैं, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों की भावनाओं को समझने की बारी आती है तो सबको राजनीति दिखती है।' दूसरे फैन ने लिखा, 'डिविलियर्स को शायद नहीं पता कि भारत ने क्यों ऐसा किया। वो बस दूर से देखकर राय दे रहे हैं।'

# राहुल तेवतिया को याद आए युवराज सिंह और एमएस धोनी, उनसे मिली प्रेरणा के बारे में किया खुलासा

**नई दिल्ली।** भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाज राहुल तेवतिया ने कहा कि उनके क्रिकेटिंग जीवन में युवराज सिंह और एमएस धोनी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा, 'मैंने बचपन में युवराज सिंह की बल्लेबाजी खूब देखी। मैं लेफ्ट-हैंडर हूं, इसलिए उनकी स्टाइल और खेल मुझे बहुत पसंद आया। जब मैंने घरेलू क्रिकेट में फिनिशर के तौर पर खेलना शुरू किया और आईपीएल में मौका मिला, तो मैंने माही भाई की बल्लेबाजी भी बहुत देखी। वो डेथ ओवर्स में कैसे गेंदबाजों को टारगेट करते हैं, कैसे कैलकुलेट करते हैं, मैंने ये सब देखा। दोनों को देखकर मुझे बल्लेबाजी में काफी मदद मिली।'

## आईपीएल में यादगार पल

तेवतिया गुजरात टाइटन्स के लिए 2022 से खेल रहे हैं। इससे पहले उन्होंने राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के लिए



### खेल में मानसिकता बनाए रखना जरूरी

राहुल ने खेल में लगातार तैयारी और सही मानसिकता बनाए रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, 'अगर बल्लेबाजी कम मिले और जल्दी आउट हो जाए, तो ज्यादा मौके फेल होने के होते हैं। मेरे हिसाब से सफलता और असफलता के समय हमारे रवैये में कोई फर्क नहीं होना चाहिए। दोनों समय समान होना चाहिए। अगर आप जल्दी आउट होते हैं तो बुरा लगता है, लेकिन हमें अपनी प्रैक्टिस और प्रोसेस पर फोकस रखना चाहिए। अगले गेम में नई शुरूआत करनी चाहिए, पहले गेंद का सामना करना चाहिए और उसी तरह खेलना चाहिए।'

भी खेला। उनका नाम आईपीएल में तब जोरशोर से सामने आया जब 2020 में राजस्थान रॉयल्स ने 224 रन के चेज में उन्हें नंबर चार पर प्रमोट किया। शुरू में उन्होंने धीमी बल्लेबाजी की, लेकिन फिर एक ओवर में पांच छक्के जड़कर अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई। इसी तरह, आईपीएल 2022 में गुजरात टाइटन्स के लिए आखिरी दो गेंदों पर 12 रनों की जरूरत थी, तेवतिया ने लगातार दो छक्के जड़कर अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिलाई। उस सीजन में टाइटन्स ने क्ढछ का खिताब भी जीता।

तेवतिया का फर्स्ट-क्लास करियर 14 मैचों तक सीमित रहा, लेकिन उन्होंने इसमें 535 रन 28.15 की औसत से बनाए और टॉप स्कोर 144 रहा। गेंदबाजी में भी उन्होंने प्रभावशाली प्रदर्शन किया, 32 विकेट 21.96 की औसत से लिए और बेस्ट फिगर 7/98 रहा। टी20 में राहुल तेवतिया ने 169 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 2107 रन 144.31 के स्ट्राइक रेट से बनाए। उनका हाईएस्ट स्कोर 59 है और उन्होंने 69 विकेट भी लिए।

# इंटर मिलान ने सिरी ए में क्रेमोनेस को हराया सभी प्रतियोगिताओं में यह लगातार पांचवीं जीत



**लास एजेंलेस।** लॉटेरो मार्टिनेज के गोल से इंटर मिलान ने सिरी ए फुटबॉल टूनार्मेंट में शनिवार को यहां क्रेमोनेस को एकतरफा मुकाबले में 4-1 से हरा दिया। इस जीत से इंटर मिलान, एसी मिलान, गत चैंपियन नेपोली और रोमा के समान 12 अंक हो गए हैं। इंटर मिलान की सभी प्रतियोगिताओं में यह लगातार पांचवीं जीत है।

मार्टिनेज इंटर मिलान की ओर से सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों के सूची में शीर्ष पांच में पहुंच गए हैं। उनके नाम इंटर मिलान की ओर से सभी प्रतियोगिताओं में 158 गोल हैं। वह और लुइगी कुवेनिनी टीम की ओर से सर्वाधिक गोल दागने वाले खिलाड़ियों की सूची में पांचवें स्थान पर हैं। ग्युसेप मीजा 284 गोल से इंटर मिलान के सबसे सफल खिलाड़ी हैं। उनके बाद एलेसांद्रो एल्बोवेली (209), रॉबर्टो बोनिनसेगना (171) और सांद्रो मेजोला (161) का नंबर आता है। अन्य मुकाबलों में कोमो और अटलांटा का मैच 1-1 से बराबर रहा जबकि लाजियो और टोरिनो ने भी 3-3 से ड्रॉ खेला। लीस ने पार्मा को 1-0 से हराया।

# फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप, मनीष सुरेशकुमार और वैष्णवी अदकर ने जीते खिताब



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मनीष सुरेशकुमार और महाराष्ट्र की वैष्णवी अदकर ने शनिवार को फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब अपने नाम किए। पुरुष एकल फाइनल में मनीष ने कीर्तिवासन सुरेश को दो घंटे तक चले मुकाबले में 6-4, 6-2 से शिकस्त दी। वहीं, महिला एकल में भी वैष्णवी ने आंकाक्षा निटुरे को 6-1, 6-2 से हराकर खिताब जीता।

अंडर-18 वर्ग में हर्षिनी एन ने तीन घंटे तक चले बालिका एकल फाइनल में स्निग्धा कांता को 6-1, 2-6, 6-4 से शिकस्त दी। वहीं बालकों के एकल फाइनल में तविश पहवा ने रूतिक कटाकम के चोटिल होने के कारण हटने से खिताब जीता। तविश 7-6, 1-0 से आगे चल रहे थे।

# भारतीय महिला खिलाड़ियों ने भी बरकरार रखी नो हैंडशेक नीति, हरमनप्रीत ने फातिमा को किया नजरअंदाज

**नई दिल्ली।** महिला वनडे विश्व कप के मुकाबले के दौरान भारतीय महिला खिलाड़ियों ने भी पाकिस्तान के खिलाफ नो हैंडशेक नीति बरकरार रखी है। भारत और पाकिस्तान के बीच कोलंबो में विश्व कप का मैच खेला जा रहा है। इस दौरान हरमनप्रीत कौर ने पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना से हाथ नहीं मिलाए। पाकिस्तान ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया है।



## हरमनप्रीत ने फातिमा से नहीं मिलाए हाथ

दोनों देशों के बीच रिश्ते पिछले कुछ महीनों से काफी तनावपूर्ण चल रहे हैं, ऐसे में इसका प्रभाव मैदान पर भी दिख रहा है। हाल ही में पुरुष एशिया कप के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच तीन बार मुकाबला हुआ और तीनों ही मैचों में विवाद देखने मिला। भारतीय महिला टीम ने भी पुरुष टीम की तरह नो हैंडशेक नीति अपनाई और मैच के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाए। हरमनप्रीत और फातिमा जब टॉस के लिए मैदान पर आए तो दोनों के बीच किसी तरह की कोई बातचीत नहीं हुई। हरमनप्रीत ने इस दौरान फातिमा को नजरअंदाज किया और उनकी तरफ देखा भी नहीं।

भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट क्रिकेट संबंध पहले ही निचले स्तर पर हैं और हालात और बिगड़ गए जब दुबई में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) प्रमुख मोहसिन नकवी ने सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम को विजेता ट्रॉफी देने से इनकार कर दिया था। एशिया कप के बाद ही यह तय माना जा रहा था कि महिला टीम भी पाकिस्तान के खिलाफ हाथ नहीं मिलाने की नीति जारी रखेगी और हुआ भी ऐसा ही।

भारत ने इस मैच के लिए प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बताया कि अमनजोत कौर बीमार हैं जिस कारण वह आज के मैच में नहीं खेल सकेंगी और उनकी जगह रेणुका सिंह को मौका दिया गया है।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025: जीतने के जुनून ने किसान के बेटे निशाद कुमार को बनाया वर्ल्ड चैंपियन

**नई दिल्ली।** जीतने के जुनून ने किसान के बेटे को वर्ल्ड चैंपियन बना दिया। वह भी उस दिन, जब उसका जन्मदिन था। अपने जन्मदिन का इससे बेहतर तोहफा कोई इससे बेहतर क्या दे सकता है। यह तोहफा पैरा एथलीट निशाद कुमार ने देश और खुद को दिया है।

3 अक्तूबर 1999 को जन्मे निशाद ने अपनी जिंदगी के सिल्वर जुबली वर्ष में देश के नाम सोने का तमगा जीत कर अपने जन्मदिन की खुशियों को वर्ल्ड चैंपियन के खिताब के साथ मनाया। इसमें सोने पर सुहागा यह रहा कि पहली बार किसी बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में उनके पिता रछपाल सिंह, माता पुष्पा देवी और बहन रमा स्टेडियम में मौजूद रहे। पहली बार ऐसा हुआ कि अमेरिका का राड्रिक टांसेंट, जो कि टोक्यो और पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक विजेता रहा, वह निशाद से पराजित हुआ। टांसेंट ने तीसरा स्थान हासिल किया।

जब भी किसी बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का जिक्र होता था, तो निशाद की यह जिद नजर आती थी। नई दिल्ली में पहली बार आयोजित की जा रही



प्रतियोगिता में हिमाचल के लाल ने 2.14 मीटर की ऊंची कूद लगाकर वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देश के नाम गोल्ड मेडल हासिल किया। शुक्रवार शाम को टी-47 श्रेणी के मुकाबले में निशाद ने यह उपलब्धि हासिल कर देश और प्रदेश का पूरी दुनिया में नाम रोशन कर वर्ल्ड चैंपियन का खिताब हासिल कर लिया।

वैसे तो निशाद खेलों की दुनिया में पहले ही पहचान बन चुके हैं। उन्होंने टोक्यो और पेरिस पैरालंपिक में लगातार रजत पदक जीतकर देश का परचम दुनिया भर में लहरा दिया। जिला ऊना के छोटे से गांव बदाऊं का लाल आज पैरालंपिक खेलों में देश के लिए मेडल की गारंटी बन चुका है। महज छह साल की उम्र में चारा काटने की मशीन में हाथ गंवाने से लेकर वर्ल्ड चैंपियन बनने तक के सफर में निशाद और परिवार ने बहुत संघर्ष किया।

निरंतर अभ्यास के बाद वह पहली बार फाजा वर्ल्ड ग्रैंड प्रिंक्स में खेलने गए, जहां स्वर्ण पदक जीता। उसी मैदान में नवंबर 2019 को अपनी पहली वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। इसके बाद भारत को टोक्यो पैरालंपिक का कोटा मिला, जहां रजत पदक हासिल किया। सितंबर 2024 में पेरिस पैरालंपिक में भी वही कारनामा दोहरा कर खेलों के क्षेत्र में हिमाचल और देश की शान बढ़ाई।

उनके पिता एक राज मिस्त्री का काम करते थे और माता गृहिणी हैं। अंब स्कूल में जमा दो तक की पढ़ाई के बाद खेलों के लिए उनका जुनून उन्हें पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम ले गया, जहां कोच नसीम अहमद ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और निखारा।

# प्रदर्शन मैच में अमेरिका ने भारत को 5-0 से हराया, नाकामुरा ने प्रशंसकों की ओर शतरंज का मोहरा फेंककर गुकेश पर जीत का मनाया जश्न

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश को विश्व नंबर 2 हिकारू नाकामुरा ने बुलेट गेम में हरा दिया, जिससे भारत को चेकमेटः अमेरिका बनाम भारत प्रदर्शन शतरंज मैच में टीम यूएसए से 5-0 से हार का सामना करना पड़ा।

चेकमेटः अमेरिका बनाम भारत प्रदर्शन शतरंज मैच टेक्सास के अर्लिंग्टन ईस्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ, और दर्शकों को मैचों के दौरान तालियाँ बजाने और ताना मारने का मौका मिला, जो पारंपरिक शतरंज मैचों के बिल्कुल विपरीत था।

## गुकेश को हराने के बाद शोमैन बन गए नाकामुरा

यह मैच चेकमेट में समाप्त हुआ क्योंकि नाकामुरा ने एक शतरंज का मोहरा उठाया और अमेरिका की भारत पर 5-0 की जीत का जश्न मना रहे प्रशंसकों की ओर फेंका, जबकि गुकेश अमेरिकी ग्रैंडमास्टर को कड़ी चुनौती



देने के बाद असहाय होकर देख रहे थे।

नाकामुरा बनाम गुकेश मैच आखिरी मैच था; हालाँकि, तब तक भारत 4-0 से पिछड़ चुका था। प्रदर्शनी मुकाबले की शुरूआत अर्जुन एरिगैसी से हुई, जो विश्वनाथन आनंद के बाद 2800 एलो अंक पार करने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी थे, और पहला गेम फैबियानो कारूआना से हार गए।

अंतर्राष्ट्रीय मास्टर एथन वाज अपने ही 14 वर्षीय साथी तनितोलुवा अदेवुमी से हार गए जिससे अमेरिका ने 2-0 की बढ़त बना ली, और कैरिसा यिप की महिला विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख पर जीत ने मेजबान टीम के लिए जीत पक्की कर दी।

चेसबेस इंडिया के सागर शाह और लोकप्रिय शतरंज स्ट्रीमर लेवी रोजमैन (गोथम चेस) के बीच एक दिलचस्प मुकाबला भी खेला गया, जिसमें रोजमैन ने जीत हासिल कर स्कोर 4-0 कर दिया।

लड़ने के लिए कुछ न होने के बावजूद, गुकेश ने नाकामुरा को कड़ी टक्कर दी और कमजोर काले मोहरों के साथ 10 मिनट और पाँच मिनट के गेम में ड्रॉ खेला। हालाँकि, नाकामुरा अंततः एक मिनट के बुलेट गेम में विजयी हुए, जिसमें हर चाल में एक सेकंड का अंतर था।

56वीं चाल में नाकामुरा ने दि8 खेलते हुए गुकेश को आखिरी रैंक पर चेकमेट कर दिया। ु2 पर एक सफेद बिशप ने यह सुनिश्चित कर दिया कि ा8 पर गुकेश के राजा के पास कोई रास्ता नहीं था।

मेजबान अमेरिका होने के कारण, सभी अमेरिकी खिलाड़ी सफेद मोहरों से खेले। भारत में खेले जाने वाले उलटे मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों के पास सफेद मोहरे होंगे।

# मंजू, अंकुशिता, अरुंधति, प्रिया और परवीन का जलवा, बीएफआई कप के सेमीफाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मुक्केबाज मंजू रानी (रेलवे) ने शनिवार को बीएफआई कप के शुरूआती सत्र में 5-0 की प्रभावशाली जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो (असम), पूर्व युवा विश्व चैंपियन अरुंधति चौधरी (सेना), अंडर-22 रजत पदक विजेता प्रिया (हरियाणा) और विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता परवीन हुड्डा (साइ) भी अंतिम चार में पहुंच गए। पुरुष वर्ग में विश्व कप कांस्य पदक विजेता मनीष राठौर (एआईपी), अंडर-22 एशियाई कांस्य पदक विजेता रॉकी (एआईपी) और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल (सेना) ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए सुरक्षा बलों से जुड़ी टीमों का दबदबा कायम रखा।

# रणजी चैंपियन विदर्भ ने शेष भारत को हराकर जीता ईरानी कप का खिताब, ढुल की पारी पर भारी पड़े हर्ष दुबे

**नई दिल्ली।** हर्ष दुबे की शानदार गेंदबाजी की मदद से रणजी चैंपियन विदर्भ ने शेष भारत को 93 रनों से हराकर ईरान कप का खिताब तीसरी बार अपने नाम कर लिया। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 342 रन बनाए और शेष भारत की पहली पारी 214 रन पर ऑलआउट कर दी। इस तरह विदर्भ ने पहली पारी में 128 रनों की बढ़त हासिल की। विदर्भ ने फिर दूसरी पारी में 232 रन बनाए और शेष भारत को 361 रनों का लक्ष्य दिया। हालांकि, शेष भारत की टीम दूसरी पारी में 267 रन पर ऑलआउट हो गई और उसे हार का सामना करना पड़ा।

## ढुल की मेहनत पर फिरा पानी

विदर्भ के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए शेष भारत की बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही और उसने पांच विकेट 80 रन पर ही गंवा दिए। इसके बाद यश ढुल ने मोर्चा संभाला और टीम को लक्ष्य के करीब तक पहुंचाने का प्रयास किया। ढुल ने अर्धशतक लगाया और वह शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन यश ठाकुर ने उन्हें आउट कर शतक लगाने से रोक दिया। ढुल 117 गेंदों पर आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 92 रन बनाए। फिर मानव सुथार अंत



तक टिके रहे, लेकिन दूसरे छोर पर उन्हें अच्छा साथ नहीं मिल सका। सुथार 113 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाकर नाबाद रहे। विदर्भ के लिए हर्ष दुबे ने चार विकेट लिए, जबकि आदित्य ठकारे और यश ठाकुर को दो-दो विकेट मिले। पार्थ रेखाड़े और दर्शन नालकंडे को एक-एक विकेट मिले।

शेष भारत ने मैच के आखिरी दिन दो विकेट पर 30 रन से आगे खेलते हुए 133 रन तक छह विकेट गंवा दिए। ढुल ने इसके बाद मानव सुथार के साथ 104 रन की साझेदारी कर टीम की उम्मीदें जगा दी। ठाकुर ने हालांकि ढुल को पवेलियन की राह दिखाकर मैच में विदर्भ का पूरी तरह से दबदबा कायम कर दिया। ढुल के आक्रामक शॉट पर डीप थर्ड मैन की दिशा में अथर्व तायडे ने शानदार कैच लपका। ठाकुर ने इसके बाद ढुल को बाहर जाने का इशारा किया जिससे दोनों खिलाड़ियों के बीच मैदान में तनातनी देखने को मिली। दोनों अंपायर और विदर्भ के क्षेत्ररक्षकों ने बीच में आकर स्थिति को शांत करने की कोशिश की। मैच रैफरी दोनों पर किसी तरह का जुमार्ना लगा सकते हें। ठाकुर ने अगली ही गेंद पर आकाश दीप को बोल्ड किया और फिर पिछले साल रणजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दुबे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच खत्म किया।

# भारतीय मूल के हरजस सिंह ने रचा इतिहास, ऑस्ट्रेलिया में 141 गेंदों पर बनाए 314 रन, लगाए 35 छक्के



**नई दिल्ली।** शनिवार का दिन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज हो गया। भारतीय मूल के युवा बल्लेबाज हरजस सिंह ने सीमित ओवरों के ग्रेड क्रिकेट में ऐसा कारनामा कर दिखाया, जो इससे पहले किसी ने नहीं किया था। वेस्टर्न सबर्ब्स की ओर से सिडनी क्रिकेट क्लब के खिलाफ खेले गए मैच में हरजस ने मात्र 141 गेंदों पर 314 रनों की विस्फोटक पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 35 छक्के और 12 चौकों की बरसात कर दी। यह उपलब्धि हरजस को क्रिकेट इतिहास के बेहद खास क्लब में ले आई है। वह ग्रेड-लेवल क्रिकेट के सीमित ओवरों के प्रारूप में तिहरा शतक बनाने वाले पहले क्रिकेटर बन गए। साथ ही वह न्यू साउथ वेल्स प्रीमियर फर्स्ट ग्रेड क्रिकेट (लंबे प्रारूप को मिलाकर) में तिहरा शतक लगाने वाले तीसरे क्रिकेटर बन गए। इससे पहले केवल दो खिलाड़ियों- फिल जैक्स (321 रन) और विक्टर ट्रम्पर (335 रन) ने ही तिहरा शतक लगाया था।

# शालीमार गार्डन में धूमधाम से मनाया गया डांडिया नाइट

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन में राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा आयोजित 'डांडिया नाइट' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर विधायक संजीव शर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा और पूर्व विधायक एमएलसी सुरेश कश्यप, महामंत्री पप्पू पहलवान शामिल हैं। कार्यक्रम में सुंदर राधा-कृष्ण की झांकियों ने मंच पर आकर उपस्थित जनसमूह के साथ नृत्य कर माहौल को भक्ति और उत्सव के रंगों में रंग दिया। कार्यक्रम में 'बेस्ट डांसर', 'बेस्ट ड्रेस' और अन्य श्रेणियों में विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए गए।

कार्यक्रम की सफलता में समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए व्यवस्था संभालने में सराहनीय सहयोग प्रदान किया। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेन्द्र सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा





कि यह आयोजन अत्यंत अनुशासित, आकर्षक एवं उत्साहपूर्ण रहा।

# राजनगर रामलीला महोत्सव का काव्य रस के साथ भव्य समापन

## हजारों श्रोताओं ने कवि सम्मेलन में डूबकर उठाया साहित्यिक रसानंद

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राजनगर स्थित श्रीरामलीला समिति द्वारा आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव का समापन एक भव्य कवि सम्मेलन के साथ हुआ। पहली बार रामलीला मंच पर आयोजित इस कवि सम्मेलन में हजारों दर्शक देर रात तक काव्य रस में सराबोर होते रहे। समारोह में एनएचएआई के चेयरमैन संतोष कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने भी कविताओं का भरपूर आनंद लिया।

समारोह की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसे कोमल रस्तोगी ने भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ मंचित किया। इसके पश्चात कवि राज कौशिक ने मंच संचालन की जिम्मेदारी संभाली और देशभर से आए प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे विजेन्द्र सिंह परवाज की गजलों और शेरों ने लोगों को बार-बार मंच पर आने को विवश कर दिया। उनकी








पंक्तियां ने खासा प्रभाव डाला। ये जिंदगी भी कैसे बहाने में कट गई, जैसा नहीं हूं वैसा दिखाने में कट गई।

समारोह के समापन अवसर पर श्रीरामलीला समिति के संस्थापक व संरक्षक जितेन्द्र यादव, नरेश सिंघल, मुख्य संयोजक राकेश मिश्रा, अध्यक्ष जयकुमार गुप्ता, महामंत्री दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष आर.के. शर्मा, मेला प्रबंधक एस.एन. अग्रवाल, स्वागताध्यक्ष योगेश गोयल, मुख्य सलाहकार अनिल कुमार (क्वालिटी स्टील) सहित समिति के अनेक पदाधिकारी, स्थानीय पार्षद और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस मौके पर पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, भाजपा नेता पृथ्वी सिंह, लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अतुल जैन, विजय लुम्बा, जितेन्द्र रंधावा, पंकज भारद्वाज, दीपक सिंघल, रेखा अग्रवाल, सौरभ गर्ग, डीके गोयल, देवेन्द्र हितकारी समेत बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, व्यवसायी व साहित्य प्रेमी शामिल हुए। रामलीला महोत्सव का यह समापन न सिर्फ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि काव्य रस की अविरल धारा के रूप में साहित्य प्रेमियों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

# अवैध पटाखों का जखीरा पकड़ा, आरोपी गिरफ्तार

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर की गांधी कॉलोनी स्थित सुभाष मंडी में पुलिस ने एक मकान पर छापा मारकर अवैध पटाखों का जखीरा पकड़ा। पुलिस ने मौके से आरोपी सुशील गर्ग को गिरफ्तार कर लिया।

एसीपी मसूरी सर्किल ने बताया कि नगर की गांधी कॉलोनी स्थित सुभाष मंडी में एक मकान में अवैध पटाखों का जखीरा होने की सूचना मिली। जानकारी के बाद थाना पुलिस ने शनिवार को घेराबंदी कर मकान पर छापा मारा। पुलिस को वहां बड़ी मात्रा में अवैध पटाखों का जखीरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का नाम सुशील गर्ग निवासी गांधी कॉलोनी सुभाष मंडी मुरादनगर बताया। पुलिस ने मौके से सात बोरे और नौ बॉक्स पटाखे बरामद किए। उनमें कुल 350 पैकेट पटाखे थे। पुलिस की कार्रवाई से अवैध पटाखों का कारोबार करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस आरोपी के अन्य साथियों की जानकारी जुटा रही है। एसीपी ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा।

# नोएडा में संदिग्ध हालात में इंजीनियर की मौत, बिना पोस्टमॉर्टम अंतिम संस्कार करने जा रही थी पत्नी, तभी पहुंची पुलिस

**ग्रेटर नोएडा करंट क्राइम।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस को सूचना मिली कि पत्नी पोस्टमॉर्टम कराए बगैर शव का अंतिम संस्कार करने की तैयारी में है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

फिलहाल पत्नी ने शराब पीने के बाद उल्टी आने पर तबीयत बिगड़ने से मौत होने की बात कह रही है। इंजीनियर के शरीर पर चोट के कोई निशान मौजूद नहीं हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### क्या है पूरा मामला?

क्षेत्र की डी-502 पैरामाउंट सोसायटी में इंजीनियर आशीष गुप्ता (42) अपनी पत्नी दिशा गुप्ता के साथ किराये के फ्लैट में रहते थे। शुक्रवार



शाम करीब 4:30 बजे मेंटेनेंस आफिस के रविंद्र ने पुलिस को सूचना दी कि आशीष की एकाएक तबीयत खराब होने के बाद मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पत्नी दिशा से पूछताछ की।

दिशा ने बताया कि बृहस्पतिवार को दशहरा पर वह पति के साथ रामलीला देखने गईं थी। घर लौटने पर खाना खाने के बाद आशीष की तबीयत बिगड़ गई थी। उल्टी आने से सांस लेने में परेशानी होने पर दवा दी। इसके बाद वह सो गए थे। अगली सुबह करीब 10 बजे घरेलू सहायिका चाय देने के लिए पहुंची तो वह बेहोश मिले।

### दिल्ली का मकान बेच दिया था, चार साल से यहां रह रहे दंपती

आशीष गुप्ता मूलरूप से दिल्ली के पश्चिमी बिहार के पंजाबी बाग के रहने वाले हैं। उनके माता-पिता की कई साल पहले मौत हो गई थी। आशीष ने दिल्ली का मकान बेच दिया था। करीब चार साल से वह पैरामाउंट सोसायटी में रहते थे। नोएडा के सेक्टर 131 में एक्सचेंजर नामक आइटी कंपनी में बिजनेस हैंडलर थे।

पत्नी एंबुलेंस से एक प्राईवेट अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना मिली कि आशीष की पत्नी पोस्टमॉर्टम कराए बगैर पति के शव का अंतिम संस्कार करने जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया पूछताछ में पत्नी ने बताया कि अक्सर शराब पीकर उल्टी कर देते थे। घटना वाली रात भी ऐसा ही हुआ था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बहन अलका गुप्ता हैं, जो लंदन में रहती हैं। उनको घटना की सूचना दी गई है।

### मेट्रीमोनियल साइट पर संपर्क, फिर लवमैरिज

आशीष व दिशा की शादी करीब तीन साल पहले हुई थी। दोनों का मेट्रीमोनियल साइट पर संपर्क हुआ था। इसके बाद दोनों ने लव मैरिज कर ली थी। दंपती के कोई संतान नहीं है। परिवार में एक बहन अलका है जो काफी पहले ही लंदन चली गई थी। बहन का आना जाना था या नहीं इसकी जानकारी नहीं है।

# ताला तोड़कर लाखों रुपये का माल चोरी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वेव सिटी थानाक्षेत्र की मानसरोवर पार्क कॉलोनी में चोरों ने मकान का ताला तोड़कर लाखों के गहने और नकदी चोरी कर ली। मामले में पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस छानबीन में जुट गई है। मानसरोवर पार्क कॉलोनी निवासी सचिन श्रीवास्तव ने बताया 29 सितंबर को वह नोएडा स्थित अपने दफ्तर गए हुए थे। मौके का फायदा उठाकर चोरों ने दिनदहाड़े मकान का ताला तोड़कर अंदर रखे गहने व नकदी चोरी कर ली। लौटने पर उनको इस घटना का पता चला। एसीपी प्रियाश्री पाल ने बताया कि सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# किसान यूनियन का प्रदर्शन : टोल, बिजली विभाग की मनमानी, गन्ना मूल्य पर जताया आक्रोश

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में भारतीय किसान यूनियन (देशहित) ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। किसानों ने टोल कर्मियों की मनमानी, बिजली विभाग की अव्यवस्थाओं और चीनी मिलों द्वारा गन्ना मूल्य स्पष्ट न करने पर आक्रोश व्यक्त किया।

भाकियू देशहित के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों किसान एकत्र हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपी के टोल प्लाजा पर किसानों से मनमाने ढंग से शुल्क वसूला जा रहा है और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रोका जा रहा है, जबकि सरकार ने किसानों के वाहनों को टोल से मुक्त रखने के निर्देश दिए थे। मंजीत चौधरी ने मांग की कि चीनी मिलों में गन्ना डालने से पहले किसानों को उसका स्पष्ट मूल्य बताया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कई



मिलों ने अभी तक पिछले बकाये का भुगतान नहीं किया है, जिससे किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

किसान नेता नीरज गुर्जर ने कहा कि बिजली विभाग पर भी गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि अधिकारी बिना सूचना के बिजली कनेक्शन काट देते हैं, बिलों में मनमानी वसूली की जाती है और ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों बिजली कटौती होती है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन बड़े स्तर पर धरना आंदोलन करेगा। मंजीत चौधरी ने प्रशासन से किसानों की समस्याओं पर तत्काल संज्ञान लेने की अपील की।

# पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का पिलखुवा आगमन पर भव्य स्वागत



**पिलखुवा, करंट क्राइम।** कैसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का पिलखुवा आगमन पर कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और समर्थक मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम के दौरान पवन सोम खेड़ा (जिला उपाध्यक्ष), महेन्द्र यादव (क्षेत्रीय उपाध्यक्ष), हरिनाथ सिंह (पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी), देवेन्द्र चौहान, अजय तोमर, वीरेन्द्र यादव (जिला मंत्री), शेषनाथ सिंह, कर्मवीर गुर्जर (मंडल संयोजक), योगेश शर्मा, मनोहर राणा, गौरव त्यागी, मनीष गुर्जर, अविनाश चौधरी और शुभम शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# क्यों टू-स्टार पर नहीं हुई कार्रवाई

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो इन दिनों कई टू- स्टार थानों की कमान संभाले हुए हैं, पर उनकी चर्चाएं भी जमकर हो रही हैं। पुलिस सूत्र बता रहे हैं कि देहात वाले एक टू-स्टार पर कोई भी अधिकारी हाथ डालने से डर रहा है। सुनने में आया है कि उनका एक प्यादा जो उनके लिए पहले पूर्व थाने में तन-मन-धन से समर्पित था, वह थाने से गए, तो दूसरे थाने में उसको बुला लिया गया था। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि वह उनका सबसे खास था और खास ही काम किया करता था। बीते दिनों उसपर जब क्राइम ब्रांच वालों की नजर टेढ़ी हुई उसका नाम आया कार्रवाई हुई। पर अब सवाल उठ रहा है कि जिस आका के लिए वह काम करता था, उस टू-स्टार पर पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के किसी भी अधिकारी ने करवाई ना की। सुनने में आ रहा है की बिरादरी और इलाके वालों के आशीर्वाद की ऐसी कृपा है कि टू-स्टार पर कोई ना तो एक्शन लेने के लिए साहब तक इनफार्मेशन दे रहा है और ना उनसे पूरा कनेक्शन पूछा जा रहा है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि टू-स्टार का राज इस कदर कामय है कि




उसको हिलाने के लिए कोई सोच तक नजर नहीं आ रही है। उधर पुलिस के बीच के लोगों से जानकारी मिली है कि प्रदेश वाले एक पूर्व वाले आईपीएस साहब के घर पर कमिश्नरेट वाले टू-स्टार की फाइलें और काले कारनामों की लिस्ट भेजी गई है। बताया जा रहा है कि उन्होंने देखा और कमिश्नरेट में कुछ अपनों से जानकारी भी जुटाई है। पर अब देखना होगा कि लखनऊ तक पहुंची इस लिस्ट और फाइल के बाद क्या पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले उनके जोन और बड़े साहब उनपर कुछ लगाम कस पाते हैं या वह बेलगाम ही कमिश्नरेट वाले सिस्टम में काम को चलाते रहेंगे। इन सबके बीच चर्चा सुनाई दे रही है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में करवा चौथ के बाद कमिश्नरेट में कुछ थानों के कोतवाल का राहू काल आने वाला है। तो कुछ पर कृपा की बरसात होने वाली है। कुल मिलाकर सुनने में आ रहा है कि दीपावली से पहले किसी को गिफ्ट और किसी को शिफ्ट करने की पूरी प्लानिंग बन चुकी है। देखना होगा आगामी हफ्तों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक्शन और रिएक्शन का क्या परिणाम आता है।

# हाथ से मैला उठाने के दिन खत्म! 70 लाख का रोबोट करेगा सीवर की सफाई

**गाजियाबाद करंट क्राइमः** अब शहर के सीवर और नालों की सफाई के लिए इंसानों को जोखिम नहीं उठाना पड़ेगा क्योंकि गाजियाबाद नगर निगम को एक ऐसा हाईटेक रोबोट मिला है जो 35 फीट गहराई तक जाकर सीवरेज की सफाई करेगा। गौरतलब है कि बैंडीकूट रोबोट 5 लोगों के बराबर काम करने की क्षमता रखता है और इसे चलाने के लिए सिर्फ एक ऑपरेटर की जरूरत होगी। करीब 70 लाख रुपये की लागत से यह अत्याधुनिक रोबोट नगर निगम के पास पहुंच गया है।



अधिकारियों का कहना है कि इसकी कार्य क्षमता और प्रदर्शन देखने के बाद आगे 2 और रोबोट खरीदे जाएंगे जिससे शहर की सीवर सफाई व्यवस्था पूरी तरह आधुनिक बन जाएगी। गाजियाबाद अब तक सीवर की सफाई के दौरान कई बार हादसे हो चुके हैं। लेकिन अब यह रोबोट सफाई का काम बिना किसी व्यक्ति को नीचे उतारे करेगा जिससे जानमाल का खतरा पूरी तरह खत्म हो जाएगा। नगर निगम जलकल विभाग के महाप्रबंधक कामाख्या प्रसाद आनंद ने बताया कि यह रोबोट मेक इन इंडिया पहल के तहत तैयार किया गया है। इसमें 8 तरह की जहरीली गैसों को पहचानने की क्षमता है। साथ ही इसमें लगा हाईटेक कैमरा नीचे चल रहे हर काम की लाइव मॉनिटरिंग स्क्रीन पर दिखाता है।

### कैसे काम करता है बैंडीकूट रोबोट?

यह मशीन पूरी तरह रिमोट कंट्रोल से चलती है। इसका वजन करीब 50 किलो है और इसे मैनहोल के ऊपर रखकर ऑपरेट किया जाता है। रोबोट के अंदर लगी कार्बन फाइबर पाइप गहराई में जाकर सफाई करती है। पाइप के आगे लगे बाल्टीनुमा उपकरण से यह कचरा और गाद को उठाकर बाहर निकालता है। साथ ही इसमें लगे सेंसर लगातार जहरीली गैसों की जांच करते रहते हैं और किसी भी खतरे की स्थिति में ऑपरेटर को तुरंत अलर्ट भेजते हैं।

यह रोबोट एक बार में 5 सफाईकर्मियों के बराबर काम करने में सक्षम है। इसे चलाने के लिए केवल एक प्रशिक्षित व्यक्ति की जरूरत होती है। इससे न केवल कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी बल्कि शहर की सफाई व्यवस्था भी तेज और आधुनिक बनेगी।

### 20 मिनट में खोल देगा बंद सीवरेज

नगर निगम के अधिकारियों के मुताबिक यह रोबोट सिर्फ 20 मिनट में बंद सीवरेज मैनहोल को खोलकर उसकी सफाई कर सकता है। इससे समय की बड़ी बचत होगी और सफाई कार्य ज्यादा प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। इसे पहले लखनऊ, प्रयागराज और आगरा में भी प्रयोग किया जा चुका है लेकिन गाजियाबाद में आया यह मॉडल अब तक का सबसे आधुनिक और सक्षम संस्करण है जो सबसे अधिक गहराई तक काम कर सकता है।

# गाजियाबाद में बुखार से छात्र और बच्चे की मौत, 173 पहुंची डेंगू मरीजों की संख्या

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद जिले में बुखार के कारण दो की मौत हो गई है। बुखार के कारण प्रतियोगी परीक्षा की तैयार कर रहे 22 साल युवक और 12 साल बच्चे की मौत हो गई। छिजारसी निवासी बच्चे की मौत एमएमजी अस्पताल में जबकि वीवीआईपी राजनगर एक्सटेंशन के वीवीआईपी निवासी 22 वर्षीय युवक की मौत नेहरू नगर के निजी अस्पताल में हुई है। मरीज के परिजनों का कहना है कि मौत का कारण डेंगू है जबकि विभाग ने डेंगू की पुष्टि नहीं की है। दोनों की जांच रिपोर्ट मांगवाई गई हैं। वीवीआईपी सोसाइटी में



निवासी डॉ. सतकुमार के 22 वर्षीय बेटे स्कंध को दस दिन से बुखार हो रहा था। तबीयत अधिक खराब होने पर आठ दिन पहले नेहरू नगर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्कंध सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे थे। स्कंध उत्तर प्रदेश प्रांतीय सिविल सेवा (यूपीपीसीएस) की प्राथमिक परीक्षा में सफल हो गए थे। वह मुख्य परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। वहीं छिजारसी निवासी अनिकेत अपने 12 साल के बेटे को गंभीर हालत में इलाज के लिए टटश्रअस्पताल पहुंचे थे। उनका आरोप है कि काफी देर तक इमरजेंसी में डॉक्टर ने बच्चे का इलाज शुरू नहीं किया। जब तक इमरजेंसी स्टाफ ने बच्चे की जांच की उसकी मौत हो चुकी थी।

सीएमएस डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि बच्चे को कई दिनों से बुखार था।

# ग्रेटर नोएडा के 20 थीम पार्कों का होगा सुंदरीकरण

**ग्रेटर नोएडा करंट क्राइम।** सम्राट मिहिर भोज सिटी पार्क समेत शहर के बीस थीम पार्क जल्द ही बदले रंगरूप में नजर आएंगे। पार्कों में सजावटी लाइट, फव्वारे, झूले व मूर्ति दिखाई देंगी। लैंडस्केपिंग भी की जाएगी। पार्कों के सौंदर्यीकरण के लिए 27 कंपनियों ने प्रस्तुतिकरण दिया है। कंपनी चयन के बाद पार्कों के सौंदर्यकरण का काम शुरू हो जाएगा।

ग्रेटर नोएडा में सम्राट मिहिर भोज पार्क को मुख्य पार्क के तौर पर विकसित किया गया है। इसमें प्रवेश के लिए प्राधिकरण ने टिकट व्यवस्था लागू की है। लेकिन वर्षों बाद भी सिटी पार्क में कोई बदलाव नहीं आया है। इससे लोगों के बीच पार्क का आकर्षण कम हो रहा है।

थीम पार्कों की स्थिति में भी कोई बदलाव नहीं होने से आकर्षण कम हो रहा है। पार्कों की स्थिति खराब हो रही है। प्राधिकरण ने पार्कों को नए सिरे से संवारने के लिए विशेषज्ञ कंपनियों से प्रस्ताव मांगे थे। इसके लिए 27 कंपनियां आगे आई हैं।

चयनित कंपनियां पार्कों को संवारने




### इन सेक्टरों में संवारे जाएंगे पार्क

सम्राट मिहिर भोज सिटी पार्क के अलावा शहर के अल्फा एक व दो, बीटा एक व दो, गामा एक व दो समेत डेल्टा, सेक्टर 36, ओमेगा, स्वर्ण नगरी, सेक्टर पी थ्री आदि के थीम पार्कों का सौंदर्य करण किया जाएगा। प्रथम चरण में 21 थीम पार्क चिह्नित किए गए हैं। पार्कों में घास, पौधरोपण, मूर्तियां, पाथवे, हट, ओपन जिम, गार्डन बेंच, झूले, सजावटी लाइट व फव्वारे लगाए जाएंगे।

के अलावा वर्षा जल संचयन की भी व्यवस्था करेंगी। अगले एक से दो माह में काम शुरू होने की उम्मीद है। प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस का कहना है कि पार्कों के सौंदर्यकरण के लिए विशेषज्ञों कंपनियों को सूचीबद्ध किया जा रहा है। उनकी सलाह व सुझाव के आधार पर निविदा जारी कर कार्य कराए जाएंगे।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। प्रभु श्री राम का काम संपन्न हुआ तो श्री सुल्ला मल रामलीला कमेटी के मेला प्रबंधक मोहित मित्तल ने मानवता का संदेश रक्तदान के साथ दिया। रामलीला मैदान के श्री राम भवन में जिला सरकारी अस्पताल एम एम जी के तत्वाधान में रक्तदान शिविर लगाया गया। मेला प्रबंधक मोहित मित्तल ने प्रभु श्री राम के नाम मानवता के लिए रक्तदान को समर्पित किया। कहा कि मानवता के संदेश के साथ प्रभु श्री राम को नमन किया है। मोहित मित्तल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## न्यूज डायरी

### इंडोनेशिया में स्कूल की छत गिरने से 37 छात्रों की मौत

**इंडोनेशिया।** इंडोनेशिया के सिदोआर्जो इलाके में स्थित इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल अल खोजिनी की प्रार्थना हॉल की छत गिरने से अब तक 37 छात्रों की मौत हो चुकी है। राहतकर्मी लगातार मलबा हटाकर लापता 26 छात्रों की तलाश कर रहे हैं। हादसा 30 सितंबर को हुआ था जब 12 से 19 वर्ष की उम्र के सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। अब तक 23 शव बरामद किए गए हैं। करीब 95 छात्रों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि आठ गंभीर रूप से घायल अस्पताल में भर्ती हैं। बचाव दल हाथों से मलबा हटाकर खोजबीन कर रहे हैं।

### जापान में कांपी धरती, भूकंप के झटकों की तीव्रता 6.0

**जापान।** जापान में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भारतीय संस्था-नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने एक बयान में कहा, शनिवार देर रात जापान में भूकंप आया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6.0 मापी गई। एनसीएस के अनुसार, भूकंप का केंद्र 50 किमी की गहराई में रहा। रिपोर्ट के मुताबिक जापान के होन्शू में पूर्वी तट के पास भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### पूर्वी अफ्रीकी देश मोगादिशु में जेल पर आतंकी हमला

**मोगादिशु।** पूर्वी अफ्रीकी देश मोगादिशु में जेल पर आतंकी हमला हुआ है। राष्ट्रपति भवन के पास स्थित देश की एक प्रमुख जेल पर अल-शबाब आतंकियों के हमले के बाद विस्फोट और भारी गोलीबारी भी हुई। हमला उस समय हुआ जब सरकार ने वर्षों से लगे सड़क अवरोध हटाए। खबर के मुताबिक नजदीकी रिहायशी इलाके- बॉंधेरे जिले के कुछ लोगों ने जेल से धुआं उठते देखने के बाद डर जताया। अल-कायदा से जुड़े अल-शबाब ने हमले की जिम्मेदारी ली और दावा किया कि उन्होंने कैदियों को भी रिहा कराया। सरकारी मीडिया के अनुसार, आतंकियों ने खुफिया बलों जैसे दिखने वाले वाहन का इस्तेमाल किया। सुरक्षा बलों ने हमला विफल कर कई आतंकियों को मार गिराया। इस जेल पर साल 2014 में भी हमला हुआ था। हमले के बाद इलाके की सड़कें बंद कर दी गईं।

### ब्राजील में मेथनॉल विषाक्तता की पुष्टि, शराब पीने से परहेज कर रहे लोग

**ब्राजील।** ब्राजील में बढ़ते मेथनॉल जहरकांड के मामलों के कारण लोग शराब से डरने लगे हैं। राजधानी साओ पाउलो के पॉलिस्ता एवेन्यू के पास एक बार में आम तौर पर हर रात 80 कैपिरीन्हा बिकती हैं। हालांकि, बीते सप्ताह में इसके एक भी ग्राहक नहीं आए। दरअसल, पुलिस जांच में सामने आया कि नकली शराब में मेथनॉल मिलाया गया था, पर यह स्पष्ट नहीं कि यह जानबूझकर किया गया या गलती से। एक अध्ययन के अनुसार, ब्राजील के शराब बाजार का 28% हिस्सा मिलावटी पेय से भरा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अब तक 11 पुष्ट और 102 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। एक शख्स की मौत भी हुई है।

### अमेरिका के ह्यूस्टन में गोलीबारी, दो बच्चों की मौत, दो अन्य की हालत गंभीर

**टेक्सास।** टेक्सास के एंगलटन शहर के पास शनिवार तड़के हुई गोलीबारी में दो बच्चों की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ब्राजोरिया काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार, अधिकारियों ने घटनास्थल पर 13 और 4 वर्ष के दो बच्चों को मृत पाया। 8 और 9 वर्ष के दो अन्य बच्चों को गंभीर हालत में हेलिकॉप्टर से अस्पताल भेजा गया। शेरिफ कार्यालय ने बताया, संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी कहां और किन परिस्थितियों में हुई।

### चेक गणराज्य के संसदीय चुनाव में अरबपति आंद्रेज बाबिस को निर्णायक बढ़त

**यूरोप।** यूरोपीय देश चेक गणराज्य में हुए संसदीय चुनावों में पॉपुलिस्ट अरबपति आंद्रेज बाबिश की पार्टी एनओ को जीत मिली है। बाबिश को 35.67 प्रतिशत वोट मिले। हालांकि, बाबिश को पूर्ण बहुमत नहीं मिला है, लेकिन उन्होंने एकल पार्टी सरकार बनाने की इच्छा जताई है। इस संसदीय चुनाव में कुल 68.6% मतदान हुआ, जो साल 2021 की तुलना में अधिक है। प्रधानमंत्री पेत्र फियाला की पश्चिम समर्थक गठबंधन को केवल 22.49 फीसदी वोट मिले। बाबिश की वापसी के बाद देश की नीति यूक्रेन के समर्थन से हटकर हंगरी और स्लोवाकिया की तरफ झुकाव वाली होने की आशंका है। बाबिश रूस समर्थक माने जाते हैं। अन्य दक्षिणपंथी दल- रढऊको 7.96%, जबकि मोटरिस्ट्स को 6.85 प्रतिशत वोट मिले। दोनों बाबिश के संभावित सहयोगी हैं।

### इस्राइल के खिलाफ स्पेन और इटली में दिखा जनाक्रोश, सड़कों पर उतरे लाखों प्रदर्शनकारी

**इस्राइल।** स्पेन और इटली में इस्राइल का विरोध बढ़ रहा है। शनिवार को करीब 70,000 लोगों ने गाजा पट्टी पर इस्राइली सैन्य अभियान के खिलाफ प्रदर्शन किया। बार्सिलोना और रोम में सड़कों पर उतरे हजारों-लाखों आक्रोशित लोगों ने इस्राइल की तरफ से दमन का विरोध किया है। बता दें कि फलस्तीनी लोगों की मदद के लिए नावों में राहत सामग्री लेकर गई टोली-फ्लोटिला को इस्राइली नौसेना ने रोक दिया। कई लोगों को हिरासत में भी लिया गया, जिसमें 40 से अधिक स्पेनिश कार्यकर्ता शामिल हैं। फलस्तीन को देश के रूप में मान्यता न देने की नीति को लेकर रोम की सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सरकार को आड़े हाथों लिया। फलस्तीनी झंडों के अलावा कुछ बैनरों पर हिजबुल्ला और हमास के समर्थन वाले नारे लिखे भी देखे गए। इटली के जनाक्रोश से इतर स्पेन में प्रधानमंत्री पेद्रो सांचेज इस्राइल का विरोध कर रहे हैं। वे पहले ही गाजा में तबाही को 'नरसंहार' बता चुके हैं। उन्होंने इस्राइल की अंतरराष्ट्रीय खेल टीमों पर प्रतिबंध लगाने की मांग भी की है। बता दें कि पश्चिम एशियाई शहर गाजा में करीब दो साल पहले शुरू हुए हिंसक संघर्ष में अब तक 67,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। लगभग 1.7 लाख घायल हुए हैं। इस अभूतपूर्व मानवीय संकट का समाधान करने को लेकर कई अन्य देशों ने भी इस्राइल की आलोचना की है।

### पॉप स्टार से उग्रवादी बने फादल शाकर ने किया आत्मसमर्पण, लेबनानी सेना ने हिरासत में लिया

**फिलिस्तीन।** लेबनानी पॉप स्टार से कट्टर इस्लामिक उग्रवादी बने फादल शाकर ने 12 साल तक फरार रहने के बाद शनिवार को देश की सैन्य खुफिया एजेंसी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। शाकर 2013 में सिदोन शहर में सुन्नी उग्रवादियों और लेबनानी सेना के बीच हुई झड़पों के बाद से फरार थे, जिनमें 18 सैनिक मारे गए थे। उन्हें 2020 में 22 साल की सजा सुनाई गई थी। अधिकारियों के अनुसार, शाकर को सिदोन के पास ऐन एल-हिलवे फलस्तीनी शरणार्थी शिविर से गिरफ्तार किया गया। अब उनपर नए आरोपों के तहत मुकदमा चलाया जाएगा। शाकर ने पहले कहा था कि उन्होंने किसी हिंसा में भाग नहीं लिया। साल 2002 में एक लोकप्रिय गाने से अरब जगत में लोकप्रिय हुए शाकर ने बाद में कट्टर सुन्नी मौलवी अहमद अल-असीर के प्रभाव में आकर संगीत छोड़ दिया था। जुलाई 2025 में उन्होंने अपने बेटे के साथ एक नया गाना जारी किया था जो यूट्यूब पर 11 करोड़ से अधिक बार देखा जा चुका है।

### अमेरिका ने ड्रग्स तस्करी के आरोप में फिर किया नाव पर हमला, चार मरे

**वेनेजुएला।** अमेरिका ने वेनेजुएला के तटवर्ती जलक्षेत्र में एक बार फिर एक छोटी नाव पर हवाई हमला कर उसे उड़ा दिया। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने इस हमले का आदेश दिया था। उन्होंने दावा किया कि इस नाव के जरिये ड्रग्स की तस्करी हो रही थी और उसमें सवार लोग नार्को- आतंकवादी थे। उन्होंने कहा कि इस हमले में चार लोग मारे गए लेकिन यह नहीं बताया कि वे किस समूह से जुड़े थे।

### पाकिस्तान में स्कूल के भीतर बम धमाका, चार बच्चे घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक निजी स्कूल में बम धमाका होने से चार बच्चे घायल हो गए। मामला खैबर जिले के जमरोद तहसील का है। घायल छात्रों को तुरंत पेशावर के एक अस्पताल में ले जाया गया और इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। स्कूल प्रशासन के मुताबिक, चौथी कक्षा का एक छात्र शुक्रवार को स्कूल आते समय रास्ते में कहीं से एक खिलौना बम उठाकर कक्षा में ले आया था, जिसके फर्श पर गिरते ही विस्फोट हो गया।

### पाकिस्तान बोला- भारत से संघर्ष हो सकता है विनाशकारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सैन्य अधिकारियों और नेताओं की हालिया टिप्पणियों पर अपनी खीझ मिटाते हुए चेतावनी दी कि भविष्य में दोनों देशों के बीच होने वाला संघर्ष विनाशकारी हो सकता है। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में कहा कि ये गैर जिम्मेदाराना बयान आक्रामकता के लिए मनमाने बहाने गढ़ने के नए प्रयास का संकेत दे रहे हैं। ये दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता के लिए गंभीर परिणाम पैदा कर सकते हैं। बयान में कहा गया कि वह भारतीय सुरक्षा प्रतिष्ठान के शीर्ष स्तर से आ रहे भ्रमपूर्ण, भड़काऊ और राष्ट्रवादी बयानों पर गंभीर चिंता जताती है। भारतीय रक्षा मंत्री तथा उसके सेना एवं वायुसेना प्रमुखों के अत्यधिक भड़काऊ बयानों के मद्देनजर हम आगाह करते हैं कि भविष्य में होने वाला संघर्ष विनाशकारी विनाश का कारण बन सकता है।

# नेपाल में बारिश ने मचाई तबाही: भूस्खलन में 40 लोगों की मौत, कई इलाकों से टूटा संपर्क; पीएम मोदी ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** पूर्वी नेपाल के कोशी प्रांत में शनिवार रात से हो रही भारी बारिश ने भारी तबाही मचाई है। भीषण बारिश के चलते हुए भूस्खलन में कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि इलम जिले के सूर्योदय नगर पालिका के मानेभंज्यांग में पांच लोगों की मौत हो गई। नेपाल के इलाकों में शनिवार से लगातार भारी बारिश हो रही है।

कोशी प्रांत पुलिस कार्यालय के प्रवक्ता एसएसपी दीपक पोखरेल के बताया, आज सुबह तक सूर्योदय नगर पालिका में भूस्खलन में कम से कम पांच लोग, मंगसेबुंग नगर पालिका में तीन और इलम नगर पालिका में छह लोगों की मौत हो चुकी है। देउमई नगर पालिका में तीन और फक्फोकथुम ग्राम परिषद में एक व्यक्ति की मौत हुई है।



#### पीएम मोदी ने जताया दुख

पीएम नरेंद्र मोदी ने नेपाल में मची इस तबाही पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि नेपाल में भारी बारिश के कारण हुई जनहानि और क्षति दुखद है। हम इस कठिन समय में नेपाल की जनता और सरकार के साथ खड़े हैं। उन्होंने नेपाल को मित्र पड़ोसी देश बताते हुए सहायता देने की बात पर जोर दिया।

एसएसपी पोखरेल ने बताया, मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि हम नुकसान का आकलन कर रहे हैं। अभी तक हमारे पास नुकसान की अभी प्रारंभिक जानकारी है। फिलहाल नेपाल सेना, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल पुलिस को मौके पर तैनात कर दिया गया है। नेपाल सेना ने बचाव कार्यों के लिए एक हेलीकॉप्टर भेजा है। हालांकि, खराब मौसम के कारण बचाव कार्य में बाधा आ रही है। नेपाल के सात प्रांतों में से पांच में मानसून सक्रिय है। जिनमें कोशी, मधेशी, बागमती, गंडकी और लुम्बिनी शामिल हैं।

#### कई इलाकों में अलर्ट

शनिवार सुबह से ही प्रमुख नदियों के किनारे बसे इलाकों में खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया। स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि बागमती, हनुमंत, मनोहरा, धोबी खोला, विष्णुमती, नक्कु और बाल्खु नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि बाढ़ सड़कों तक पहुंच सकती है और बस्तियों में पानी घुस सकता है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुसार, सुनसरी, उदयपुर, सप्तरी, सिराहा, धनुषा, महोत्तरी, सरलाही, रौतहट, बारा, परसा, सिंधुली, दोलखा, रामेछाप, सिंधुपालचोक, कवरेपालंचोक, काठमांडू, ललितपुर, भक्तपुर, मकवानपुर और चितवन सहित कई जिलों में बाढ़ और भूस्खलन का बहुत अधिक खतरा है।

नेपाल ने इस वर्ष पहले औसत से अधिक मानसून की उम्मीद की थी, लेकिन वर्षा का पैटर्न बदल गया। मानसून का मौसम आमतौर पर जून से सितंबर के अंत तक रहता है, लेकिन पुनः सक्रिय होने से वापसी के चरण के दौरान भी भारी बारिश हो रही है। नेशनल डिजास्टर रिस्क रिडक्शन एंड मैनेजमेंट अथॉरिटी ने अनुमान लगाया है कि इस वर्ष लगभग 20 लाख लोग (1,997,731) और 457,145 परिवार मानसून से संबंधित आपदाओं से प्रभावित हो सकते हैं।

## रूस ने यूक्रेन में फिर मचाया कहर, बमबारी में पांच की मौत; रिहायशी इलाकों में भीषण तबाही

**यूक्रेन।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से जारी संघर्ष में स्थिति और भयावह होती जा रही है। ध्यान देने वाली ये भी है कि अभी दूर-दूर तक इस संघर्ष के खत्म होने के आसार भी नहीं दिख रहे है। कारण है कि इन दिनों रूस का यूक्रेन पर हमला और तेज हो गया है। इस संघर्ष के ताजा अपडेट की बात करे तो शनिवार रात भर रूस ने यूक्रेन के खिलाफ बड़े पैमाने पर ड्रोन, मिसाइल और गाइडेड बमों से हमला किया, जिसमें कम से कम पांच आम नागरिक मारे गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार सुबह बताया कि रूस ने नौ अलग-अलग इलाकों में 50 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें और करीब 500 ड्रोन दागे।



#### मृतकों में एक बच्चा भी शामिल

पश्चिमी शहर लविव में हुए एक संयुक्त ड्रोन और मिसाइल हमले में पांच लोग की मौत हुई, जिनमें एक 15 साल का बच्चा भी शामिल है। इस हमले से दो इलाकों में बिजली गुलहो गई और सार्वजनिक यातायात भी कुछ घंटों के लिए बंद रहा। लविव के मेयर आंद्रिय सादोवी ने बताया कि शहर के बाहर एक व्यावसायिक परिसर में आग लगी, जो किसी सैन्य गतिविधि से जुड़ा नहीं था। इवानो-फ्रैंकिव्स्क क्षेत्र में भी एक व्यक्ति घायल हुआ, जबकि दक्षिणी शहर जापोरिज्जिया में एक महिला की मौत हो गई और नौ लोग घायल हुए। यहां ड्रोन और गाइडेड बमों से हमला किया गया, जिससे कई आवासीय भवन नष्ट हो गए और करीब 73,000 घरों में बिजली चली गई।

इसके साथ ही पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र के स्लोवियान्स्क में भी एक अपार्टमेंट पर हमला हुआ, जिसमें छह लोग घायल हुए। वहां कई घरों, दुकानों और कारों को नुकसान पहुंचा। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से यूक्रेन को और अधिक वायु रक्षा प्रदान करने की अपील की ताकि इस हवाई आतंक को रोका जा सके।

#### यूक्रेन ने भी लंबी दूरी से हमले किए

रूसी हमलों के जवाब में यूक्रेन ने भी रूस के कई ठिकानों पर लंबी दूरी से हमले किए हैं, खासकर रूस के तेल उद्योग को निशाना बनाकर, जिससे वहां ईंधन की कमी बनी हुई है। रूस ने सर्दियों से पहले यूक्रेन की बिजली आपूर्ति और रेलवे नेटवर्क पर हमले तेज कर दिए हैं, जिससे नागरिकों को गर्मी, बिजली और पानी की समस्या हो रही है। शॉस्तका शहर में हुए हालिया हमले में एक व्यक्ति की मौत हुई और कई घायल हुए। इससे साफ है कि युद्ध जारी है और आम लोगों को भारी नुकसान पहुंच रहा है।

## भारत में ब्रिटिश राज पर मस्क का जवाब वायरल, सोशल मीडिया पर गुस्सा

**ब्रिटेन।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने हाल ही में एक्स पर ब्रिटिश राज पर एक वायरल पोस्ट पर सोचने वाले इमोजी की प्रतिक्रिया दी है। जिसने सोशल मीडिया पर लोगों को भड़का दिया है। इसे लेकर तमाम भारतीय यूजर एलन मस्क की जमकर आलोचना कर रहे हैं।

क्या है पूरा विवाद?

यह पोस्ट फ्रीडोमेन - विथ स्टीफन मोलिनेक्स, एमए नाम के एक यूजर ने शेयर की थी। पोस्ट में लिखा था- 'अगर भारतीय इंग्लैंड जाएं और अंग्रेज बन जाएं, तो जो अंग्रेज भारत आए, वे भारतीय बन गए। इसलिए अंग्रेजों ने भारत पर शासन नहीं किया।' इस पोस्ट को अब तक 23 मिलियन से ज्यादा लोग देख चुके हैं, और एलन मस्क की तरफ से हल्की प्रतिक्रिया में जवाब देने के बाद कई लोग नाराज हो गए हैं।

भारतीय यूजर्स ने एलन मस्क की आलोचना करते हुए कहा कि उपनिवेशीकरण और आव्रजन



बिल्कुल अलग चीजें हैं। कई लोगों ने एलन मस्क को यह याद दिलाया कि अंग्रेजों ने भारत में शासन करते समय लाखों लोगों का शोषण और अत्याचार किया। एक यूजर ने लिखा- अगर आप इसके बचाव में हैं, तो यह मान लें कि आप कॉलोनाइजेशन के पीछे की नस्लीय सोच से सहमत हैं।' वहीं दूसरे यूजर ने लिखा- 'ब्रिटिश साम्राज्य ने भारत में क्या किया, उसे केवल कानूनी इमिग्रेशन के साथ नहीं जोड़ सकते।' एक और यूजर ने लिखा- 'अंग्रेजों ने भारत पर जो अत्याचार किए, वह किसी भी तरह से सामान्य इमिग्रेशन जैसी बात नहीं है।'

## पोर्टलैंड में ट्रंप प्रशासन को लगा बड़ा झटका, अदालत ने सैनिकों की तैनाती पर लगाई रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ओरेगन राज्य की एक संघीय अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन को फिलहाल पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड के जवान तैनात करने से रोक दिया है। यह आदेश उस मुकदमे में दिया गया है जो राज्य सरकार और नगर प्रशासन ने मिलकर दायर किया था।

अमेरिकी जिला न्यायाधीश करीन इमरगट ने कहा कि यह मामला अमेरिकी लोकतंत्र के तीन बुनियादी सिद्धांतों से जुड़ा है, संघीय सरकार और राज्यों के बीच संबंध, सेना और घरेलू कानून-व्यवस्था के बीच सीमा और सरकार की तीन शाखाओं, कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका, के बीच संतुलन का है। जज ने कहा, 'हम संविधान द्वारा तय इन संबंधों का कितना पालन करते हैं, यही तय करता है कि हम वास्तव में कानून के शासन के तहत रह रहे हैं या नहीं।'



जज इमरगट ने कहा कि राष्ट्रपति को आम तौर पर नेशनल गार्ड को 'संघीय नियंत्रण' में लेने का अधिकार होता है, लेकिन यह तभी उचित है जब स्थानीय पुलिस या कानून प्रवर्तन एजेंसियां नियंत्रण खो दें। पोर्टलैंड में ऐसा नहीं हुआ था। अदालत ने पाया कि हाल के दिनों में पोर्टलैंड में जो प्रदर्शन हुए, वे न तो हिंसक थे और न ही बड़े पैमाने पर अव्यवस्था फैली थी। जज ने अपने आदेश में लिखा, 'राष्ट्रपति का फैसला तथ्यों से जुड़ा नहीं था।'

## प्रशासन ठप, राष्ट्रीय ध्वज उतारे, सरकार झुकी...हुआ समझौता, मुजफ्फराबाद में अतिरिक्त बल भेजने की तैयारी

**पीओके।** पाक-अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) की सड़कों पर गूंज रही आजादी की हुंकार अब पाकिस्तानी सेना, शासन और उसकी दशकों पुरानी कश्मीर नीति के खिलाफ खुली बगावत का रूप ले चुकी है। मुजफ्फराबाद, रावलकोट, कोटली, हजीरा, बाघ और मीरपुर जैसे शहरों में प्रशासन ठप हो गया, सरकारी भवन खाली हैं और महिलाएं पहली बार सड़कों पर उतर आईं। इस बीच सरकार ने आंदोलनकारियों के आगे समर्पण करते हुए उनसे समझौता कर लिया है।

सरकारी इमारतों से पाकिस्तान के झंडे उतार दिए गए हैं और फ्री कश्मीर के बैनर लगाए जा चुके हैं। कई जगह पुलिसकर्मी हथियार डालकर घर लौट गए हैं। मुजफ्फराबाद से कश्मीर डेली टाइम्स के पत्रकार अरशद हुसैन के अनुसार यह सीधे-सीधे पाकिस्तान-विरोधी आंदोलन है। लोग सीधे इस्लामाबाद के खिलाफ बोल रहे हैं। हमारा पानी, हमारी जमीन, हमें आजादी चाहिए जैसे नारे गलियों में गूंज रहे हैं। पुलिस चौकियां खाली हैं और सरकारी अधिकारी छिप गए हैं। ब्रिटेन-आधारित ह्यूमन राइट्स



वॉच साउथ एशिया यूनिट ने चेतावनी दी है कि यदि पाकिस्तान ने पीओके में बल प्रयोग किया तो यह बलूचिस्तान-शैली विद्रोह में बदल सकता है।

#### पुलिस मुख्यालयों के दफ्तरों पर पहली बार नजर आए ताले

स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार आंदोलन के दौरान मुजफ्फराबाद सचिवालय, राजस्व विभाग और पुलिस मुख्यालयों के दफ्तरों पर पहली बार ताले लटक गए। देश की मीडिया भी इस मुद्दे पर दो धड़ों में बंटी नजर आई। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून और डॉन जैसे अखबारों ने इसे लोकल एडमिनिस्ट्रेटिव फेल्योर बताया है और केंद्र सरकार से संवाद शुरू करने की मांग की जबकि नया पाकिस्तान टीवी और जियो न्यूज जैसे चैनल इसे विदेशी साजिश करार दे रहे हैं।

#### इस्लामाबाद में राजनीतिक घबराहट

इस्लामाबाद के भीतर हालात को लेकर हड़कंप मचा है। आंतरिक मंत्रालय ने आपात समीक्षा बैठक में पीओके के हालात को गंभीर सुरक्षा संकट बताया है। सूत्रों के अनुसार, भावी रणनीति के लिहाज से सेना ने गिलगित बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में ज्यादा से ज्यादा अतिरिक्त बल भेजने का प्रस्ताव रखा है। बलूच विद्रोही संगठनों ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर हमले तेज कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि पीओके में चल रहे जनविरोधी आंदोलन और वहां पाक सेना पर पड़ रहे भारी दबाव का फायदा उठाते हुए बलूच विद्रोही गुटों ने दक्षिणी और पश्चिमी बलूचिस्तान के कई जिलों में समन्वित कार्रवाई शुरू की है। सूत्रों का कहना है कि बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाक सेना की चौकियों, पेट्रोलिंग यूनिटों और लॉजिस्टिक काफिलों को निशाना बनाया है।

## 24 घंटों में दो बार बंद होने के बाद फिर खुला म्यूनिख एयरपोर्ट, ड्रोन देखे जाने के बाद उठाया था कदम

**जर्मनी।** जर्मनी का म्यूनिख हवाई अड्डा शनिवार सुबह फिर खुल गया, जिसे अधिकारियों ने शुक्रवार रात दूसरी बार बंद कर दिया था। चौबीस घंटे से भी कम समय में दोबारा ड्रोन देखे जाने के बाद यह कदम उठाया गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यह देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है। हवाई अड्डे ने शनिवार सुबह सात बजे (स्थानीय समयानुसार) से धीरे-धीरे उड़ानों की शुरूआत की। आमतौर पर हवाई अड्डे से उड़ानें सुबह पांच बजे शुरू हो जाती हैं। संघीय पुलिस ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे हवाई अड्डे के उत्तरी और दक्षिणी रनवे के पास दो ड्रोन देखे गए। इन ड्रोन की पहचान हो पाती, उससे पहले ही उड़कर चले गए।

हवाई अड्डे ने अपने बयान में कहा कि शनिवार को भी उड़ानों में देरी हो सकती है। शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक हवाई अड्डे के बंद रहने से 6,500 यात्रियों को परेशानी हुई। इससे पहले गुरुवार रात से शुक्रवार तक हवाई अड्डे को बंद करना पड़ा था, जिससे करीब



तीन हजार यात्री प्रभावित हुए थे।

#### बेल्जियम और नॉर्वे में भी देखे गए ड्रोन

अधिकारियों के पास फिलहाल इस बात की जानकारी नहीं है कि इन ड्रोन को उड़ाने के पीछे कौन जिम्मेदार है। यह घटना यूरोप के विभिन्न देशों में हवाईअड्डों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के स्थानों पर संदिग्ध ड्रोन देखे जाने की कई घटनाओं में से एक है। इसी तरह बेल्जियम में एक सैन्य अड्डे के ऊपर भी रात में ड्रोन देखे गए। नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में भी पिछले महीने एक ड्रोन की घटनाच के कारण उड़ानों पर असर पड़ा था। नॉर्वे नाटो का सदस्य है लेकिन यूरोपीय संघ का हिस्सा नहीं है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि इन घटनाओं के पीछे कौन है।

यूरोपीय अधिकारियों ने आशंका जताई है कि इन ड्रोन के पीछे रूस हो सकता है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि कोई भी व्यक्ति ड्रोन लेकर ऐसी गतिविधियों को अंजाम दे सकता है। रूस ने डेनमार्क सहित हाल की ड्रोन की घटनाओं में अपनी भूमिका से इनकार किया है। जर्मनी के गृहमंत्री अलेक्जेंडर डोब्रिंड्ट ने कहा कि वह और यूरोप के अन्य मंत्री इस सप्ताहांत म्यूनिख में एक बैठक के दौरान ड्रोन से घुसपैठ के मुद्दे पर चर्चा करेंगे और ड्रोन पता लगाने और सुरक्षा योजना बनाएंगे। उन्होंने जर्मनी के पश्चिमी शहर सारब्रुकेन में कहा, हम ड्रोन खतरे और ड्रोन सुरक्षा के बीच एक दौड़ में हैं। हमें यह दौड़ जीतनी ही होगी।

## भारत से मुंह की खाने के बाद भी नहीं सुधरा पड़ोसी बोला- भविष्य में संघर्ष हो सकता है विनाशकारी



**इस्लामाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर में भारत से मुंह की खाने के बाद भी पाकिस्तान सुधरा नहीं है। वहीं, भारतीय सैन्य अधिकारियों और राजनेताओं की हालिया बयानों से से वह एक बार फिर तिलमिला गया है। इन बयानों के बाद पाकिस्तानी सेना ने गीदड़भभकी देते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच भविष्य में होने वाला संघर्ष विनाशकारी हो सकता है।

वैश्विक आतंकवादियों को पनाह देने वाली पाकिस्तानी सेना ने कहा, ये गैर जिम्मेदाराना बयान आक्रामकता के लिए मनमाने बहाने गढ़ने के नए प्रयास का संकेत दे रहे हैं। ये दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता के लिए गंभीर परिणाम ला सकते हैं। बयान में उसने आगे कहा कि वह भारतीय सुरक्षा प्रतिष्ठान के शीर्ष स्तर से आ रहे गुमराह करने वाले, भड़काऊ और राष्ट्रवादी बयानों पर गंभीर चिंता जताती है। भारतीय रक्षा मंत्री तथा उसके सेना एवं वायुसेना प्रमुखों के अत्यधिक भड़काऊ बयानों के मद्देनजर हम आगाह करते हैं कि भविष्य में होने वाला संघर्ष विनाशकारी विनाश का कारण बन सकता है।

बयान में कहा गया कि पाकिस्तान के सशस्त्र बलों में दुश्मन के क्षेत्र के हर कोने तक लड़ाई ले जाने की क्षमता और संकल्प है।

**- बयान में कहा कि वह भारतीय सुरक्षा प्रतिष्ठान के शीर्ष स्तर से आ रहे गुमराह करने वाले, भड़काऊ और राष्ट्रवादी बयानों पर गंभीर चिंता जताती है।**

#### रक्षा मंत्री और सेना प्रमुख ने दी थी पाकिस्तान को चेतावनी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में कहा था कि भारत अपने नागरिकों की रक्षा और देश की एकता व अखंडता की रक्षा के लिए आवश्यकता पड़ने पर किसी भी सीमा को पार कर सकता है। वहीं सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर पड़ोसी देश दुनिया के नक्शे पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद कर देना चाहिए। इसके अलावा, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय हमलों में अमेरिकी एफ-16 जेट सहित कम से कम एक दर्जन पाकिस्तानी सैन्य विमान मार गिराए गए या क्षतिग्रस्त हो गए।

# अनिल अग्रवाल सांवरिया के नेतृत्व में हुआ भव्य वैश्य महासम्मेलन का आयोजन




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** अन्तरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, गाज़ियाबाद द्वारा शनिवार को महाराजा अग्रसेन वंशज सम्मान समारोह एवं करवाचौथ उत्सव का भव्य आयोजन अग्रसेन भवन, लोहिया नगर में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल और गाज़ियाबाद की मेयर सुनीता दयाल ने महाराजा अग्रसेन जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता अशोक अग्रवाल (अध्यक्ष, पश्चिम उत्तर प्रदेश) ने की, जबकि पूरे आयोजन का संयोजन अनिल अग्रवाल सांवरिया के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि वैश्य समाज देश की आर्थिक रीढ़ है। पूरे देश में वैश्य समाज का कोई व्यक्ति चोरी करते या भीख माँगते नहीं देखा गया, यह हमारे श्रम और संस्कारों का प्रमाण है। करवाचौथ के उल्लास से सजे इस समारोह में महिलाओं ने रैंप वॉक, म्यूजिकल चेयर, प्रश्नोत्तरी और करवा चौथ क्वीन प्रतियोगिता जैसी रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। 'सबसे पहले सोलह श्रृंगार किसने किए थे?' के प्रश्न पर उत्तर देवी रंभा बताया गया।

इस दौरान सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल, मंत्री सतीश भराना, पूर्व मेयर आशु वर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, सपा के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग, शिक्षाविद राम अवतार जिंदल, अतुल जैन, राकेश छजारिया, आनंद प्रकाश, पवन गुरु जी, और संजय अग्रवाल (जिला महामंत्री) सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे और सम्मानित किए गए। कार्यक्रम का संचालन दूरदर्शन एंकर रेशू त्यागी ने किया। आयोजन को सफल बनाने में महिला इकाई की ममता गर्ग, रितु गुप्ता, सीमा गोयल, दीप्ति अरोरा और अंजू अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

# बृज विहार में आरएसएस ने पथ संचलन कर निकाली रैली



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृज विहार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर पथ संचालन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर महानगर सह कार्यवाह शिवनाथ, वरुण सिंह पुनीत विक्रम चौधरी सुशील पुष्कर सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं स्वयंसेवकों ने दंड धारण कर घोष की धुन पर शहर में मार्च किया। बृज विहार विवेकानंद बस्ती में विजय दशमी के अवसर पर पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 60 स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया और समाज के लगभग 70 लोग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संघ के 100 वर्ष के इतिहास की प्रदर्शनी रही, जो लोगों के लिए एक बड़ा आकर्षण का केंद्र थी। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 7 बजे शस्त्र पूजन के साथ हुआ। बहुत ही प्रेरणादायक मार्गदर्शन किया और संघ के पंच परिवर्तन के उद्देश्यों को लेकर समाज को जागरूक करने के लिए कार्य कर रहा है, इसका विस्तार से वर्णन किया।

# एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में शिक्षक एवं स्नातक चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** मेरठ रोड स्थित एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में आगामी शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन को लेकर रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधान परिषद चुनाव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 9 जिलों के प्रतिनिधि, एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महामंत्री उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने आगामी चुनाव में अधिकतम मतदाता पंजीकरण कराने का संकल्प लिया ताकि शिक्षक एवं स्नातक खंड के दोनों चुनावों में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित हो सके। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पूर्व सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता आगामी चुनावों में पूरी निष्ठा और सामूहिक शक्ति के साथ जुट जाएं। उन्होंने संकल्प दिलाया कि प्रत्येक जिला से भाजपा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में मुख्य रूप से राम अवतार जिंदल, गुलशन भ्रामरी, जोगिंदर सिंह, लियाकत अली, योगेन्द्र गुर्जर, बालक राम विकल, सतीश यादव, अनिल शर्मा, घनश्याम शर्मा, अजीत सिंह, डॉ. पवन कुमार गुप्ता, संतोष सिंह, डॉ. फरजान, देवेन्द्र धाम, मुकेश गुप्ता, एम.एस. हुड्डा, पी.के. गोयल, राजवीर सिंह, नवीन कुमार, मासूम त्यागी, पंकज अग्रवाल, नईम अहमद, मोइन मलिक, शहजाद मलिक सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# वैशाली क्षेत्र में आरएसएस ने शताब्दी वर्ष पर घोष के साथ निकाला पथ संचलन








**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने वैशाली क्षेत्र में विजयदशमी उत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर संघ के 100वें वर्ष प्रवेश को लेकर स्वयंसेवकों में विशेष उत्साह और गौरव देखने को मिला। भागीरथ बस्ती, रामप्रस्ता ग्रीन भागीरथ बस्ती में कार्यक्रम का शुभारंभ गेट नंबर 2 से हुआ। घोष के साथ निकाले गए भव्य पथ संचलन का मार्ग रामप्रस्था के हाई राइज में होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुआ। इस पथ संचलन में नगर के स्वयंसेवकों के साथ-साथ बाल स्वयंसेवक और समाजबंधु भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

कार्यक्रम के अध्यक्ष गुलशन कुमार ने सभी को आशीर्वाद दिया और कार्यक्रम की सफलता पर खुशी व्यक्त की। मुख्य वक्ता प्रांत व्यवस्था प्रमुख अजय ने अपने संबोधन में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन और जाति-पंथ से ऊपर उठकर कार्य करने की विचारधारा का उल्लेख किया।

श्रीराम बस्ती, सेंट्रल पार्क सेक्टर-1 में आयोजित किया गया। यहाँ से पूरे क्षेत्र में घोष के साथ भव्य पथ संचलन निकाला गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने सभी का स्वागत किया। मुख्य वक्ता विभाग समरसता संयोजक प्रियांक ने अपने संबोधन में भारतीय संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संतुलन और स्वदेशी जीवनशैली की महत्ता पर जोर दिया। स्वयंसेवकों ने इस ऐतिहासिक अवसर को अपने जीवन का सौभाग्य बताते हुए समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में निरंतर समर्पित रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाग संघचालक मदन, नगर संघचालक नीरज नगर कार्यवाह धीरेन्द्र, नगर सह संघ चालक दिनेश आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डांडिया नाइट और राजस्थानी नृत्य से झूमा गाजियाबाद शहर

# श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी ने दशहरे के उत्साह को बढ़ाया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दशहरे के तुरंत बाद, श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी द्वारा एक भव्य डांडिया नाइट और राजस्थानी नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसने शहर में सांस्कृतिक ऊर्जा का संचार कर दिया। इस शानदार आयोजन में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व बच्चे राजस्थानी गानों पर जमकर थिरके, जिसने पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया।

राजस्थानी गानों और उस पर किए गए मनमोहक नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कमेटी के इस सफल आयोजन के लिए सभी उपस्थित लोगों ने आयोजकों की भरपूर प्रशंसा की। विशेष रूप से, राजस्थानी ड्रेस पहनी महिलाएं कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहीं।

कार्यक्रम में जान डालने के लिए राजस्थान से राज चौधरी इवेंट पार्टी के दो दर्जन से अधिक कलाकार पहुँचे थे। उनके जबरदस्त डांडिया और राजस्थानी नृत्यों ने दर्शकों को भी



थिरकने पर मजबूर कर दिया। बताया गया कि डांडिया देख रहे दर्शकों के पैर भी गानों पर अपने आप थिरकने लगे। कार्यक्रम का मंच संचालन दिल्ली से आई पूर्णिमा ने किया, जिन्होंने अपनी मधुर और प्रभावी शैली से इस सांस्कृतिक संध्या में चार चांद लगा दिए।

व्यक्तियों की उपस्थिति : सांस्कृतिक कार्यक्रम में शहर के कई प्रमुख व्यक्ति और कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से अध्यक्ष अजय बंसल, नरेश अग्रवाल, सुधीर गोयल मोनू, संजीव मित्तल, रविंद्र मित्तल, प्रदीप मित्तल, वीरेंद्र कुमार वीरो, उस्ताद अशोक गोयल, दिनेश शर्मा बब्बे, आलोक गर्ग, सुभाष गुप्ता, राजेन्द्र मित्तल मेंदी वाले, राघवेंद्र, पार्षद नीरज गोयल, मोहित मित्तल, अनिल गर्ग शीरे वाले, देवेंद्र मित्तल, रामावतार, मनमोहन मित्तल, विपिन मोहन गर्ग, शेरू और नीरा बक्शी आदि शामिल थे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम की सफलता पर आयोजकों को बधाई दी।

# हापुड़ में टला बड़ा हादसा, रेलिंग तोड़ गंगा पुल पर लटकी यात्रियों से भरी बस




**हापुड़ करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के रामपुर से दिल्ली जा रही रामपुर डिपो की बस हापुड़ में ब्रजघाट गंगा पुल पर अचानक लटक गई। जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। बस को लटकती देख स्थानीय लोग भी मदद के लिए पहुंच गए। जिसके बाद सबसे पहले यात्रियों को बस से निकाला गया। इस दौरान अगर थोड़ी भी चूक होती तो कई यात्रियों की जान जा सकती थी।

जानकारी के अनुसार बस की ब्रेक ने अचानक काम करना बंद कर दिया। बस चालक ने आराम के लिए ब्रेक के पास एक ईंट का टुकड़ा रखा था। हाइवे पर जब बस दिल्ली की तरफ जा रही थी, तभी यह ईंट लुढ़क कर ब्रेक के पास पहुंच गई। जैसे ही गंगा पुल पर दूसरी गाड़ी को बचाने के लिए चालक ने ब्रेक लगाया, ईंट ब्रेक के नीचे फंस गई और ब्रेक काम नहीं किया।

स्थिति को संभालते हुए चालक ने स्टियरिंग पुल की साइड की ओर मोड़ दी। जिससे बस गंगा के दोनों पुलों के बीच फंस कर लटक गई। घटना में बस चालक अनूप सिंह को हल्की चोट भी आई है। लेकिन अन्य यात्रियों को कोई चोट नहीं आई। सूचना लगते ही स्थानीय लोग और पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई।

# लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट के सदस्यों ने किया पुस्तक विमोचन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट द्वारा ज्ञानपीठ केन्द्र 1 के प्रांगण में समाज सेवी, लेखक, अध्यात्मिक विचारक अमर जीत सिंह कलिंगा द्वारा लिखित पुस्तक 'जरूरतें, जिम्मेदारियां और ख्वाहिशें' पुस्तक का विमोचन समारोह आयोजित किया गया।

पुस्तक का विमोचन संस्कृत साहित्य के मूर्धन्य विद्वान डा विशन लाल गौड़ ने किया। समारोह की अध्यक्षता समाजवादी विचारक राम दुलार यादव शिक्षाविद ने की, जबकि अध्यात्मिक गुरु सरदार मंजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सरदार मंजीत सिंह ने अध्यात्मिक विचारक अमरजीत सिंह कलिंगा को उच्चकोटि का लेखक बताया और कहा कि उनकी पुस्तकों से देश, समाज और व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की प्रेरणा मिलेगी। डा0 विशन लाल गौड़ ने कहा कि अमरजीत सिंह कलिंगा ने अपनी पुस्तक में शासन-प्रशासन से भी अपेक्षा की है कि लोगों की जरूरतें पूरी करें, जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की व्यवस्था करें।

अध्यक्षीय संबोधन में राम दुलार यादव ने कहा कि सरदार अमरजीत सिंह कलिंगा एक उद्भट विद्वान, लेखक, अध्यात्मिक विचारक ने 'जरूरतें, जिम्मेदारियां और ख्वाहिशें' लिखकर समाज को सन्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आज लोगों में नफरत, असहिष्णुता, अहंकार, ईर्ष्या का वातावरण बनाया जा रहा है, बदले की भावना से जनता में आक्रोश है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लेखक अमरजीत सिंह कलिंगा ने कहा कि आप की सोच सकारात्मक होगी, तो आपके विचार नैतिकता और इमानदारी से ओतप्रोत होंगे। उन्होंने कहा कि उनकी पुस्तकें सफलता के मूलमन्त्रों पर आधारित हैं और मानव को जीवन में आने वाली कठिनाइयों पर विजय प्राप्त करने के लिए मार्ग दर्शक का काम करेंगी।

# विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन

## समाज में दिव्यांगता के प्रति जागरूकता और समावेशी सोच को बढ़ावा देने का संदेश




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस के अवसर पर भागीरथ सेवा संस्थान, फर्स्ट वन रिहैब फाउंडेशन और राम चमेली चड्ढा विश्वास गर्ल्स कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फरेंस रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। सम्मेलन का उद्देश्य समाज को सेरेब्रल पाल्सी जैसी विशेष दिव्यांगता के प्रति जागरूक करना और प्रभावित बच्चों व अभिभावकों को व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम में भारत सरकार में राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा (उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि उत्तराखंड सरकार के राज्य मंत्री वीरेंद्र दत्त सेमवाल (हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद) विशिष्ट अतिथि रहे।

सम्मेलन में देशभर से आए रिहैबिलिटेशन विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट, ऑक्युपेशनल थेरेपिस्ट, स्पीच थेरपिस्ट, साइकोलॉजिस्ट, आयुर्वेद विशेषज्ञ, पैडियाट्रिशियन और विशेष शिक्षा विशेषज्ञों ने तकनीकी सत्रों और प्रस्तुतियों के माध्यम से आधुनिक उपचार पद्धतियों, पुनर्वास तकनीकों और नवीन शोधों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान भागीरथ स्पेशल स्कूल और फर्स्ट वन रिहैब फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित नेशनल वोची टूनार्मेंट में पदक जीतकर लौटीं छात्राएँ प्राची, खुशी, आंचल और प्रशिक्षक अंकित को उनकी कोच सुमन राजपूत के साथ मंत्री बी.एल. वर्मा ने सम्मानित किया।

आयोजक अनादि सुकुल ने कहा कि इस पहल के माध्यम से एक ऐसा मंच तैयार किया जा रहा है जहाँ चिकित्सक, शिक्षक, अभिभावक और समाज के अन्य वर्ग मिलकर विशेष आवश्यकता वाले समुदाय के लिए बेहतर भविष्य की दिशा तय कर सकें।

कार्यक्रम में उपस्थित राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा (भारत सरकार) और वीरेंद्र दत्त सेमवाल (मंत्री उत्तराखंड सरकार) ने इस सार्थक आयोजन के लिए आयोजक संस्थाओं की सराहना की और आश्वासन दिया कि दिव्यांग जनों के लिए अपने-अपने मंत्रालयों के माध्यम से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।